www.summerexpress.in
# समर एक्सप्रेस
द SUMMER न्यूज़
सूर्योदय सुबह 6:59 बजे
सूर्यास्त शाम 6:15 बजे
R.N.I NO. CHMUL/25/A1155
साल-1 • अंक-168 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • रविवार 22 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### कार की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय मरा

**दिल्ली |** दिल्ली में देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसा रात 3.26 बजे सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास राजौरी गार्डन की ओर जाने वाली सड़क पर हुआ। पुलिस के मुताबिक घटना में हेम शंकर (25) की मौत हुई है। वो रघुबीर नगर का रहने वाला था। हेम शंकर जेप्टो में काम करता था। टक्कर के उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद हेम शंकर को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी कार ड्राइवर मोहित कुमार (27) को गिरफ्तार किया गया है।

### बलि देने के मामले में केस दर्ज

**हैदराबाद |** 50 बकरियों और भेड़ों को बलि देने के मामले में कार्रवाई एक अन्य मामले में, तेलंगाना पुलिस ने जगित्याल के भीमन्ना मंदिर में एक उत्सव अनुष्ठान के दौरान कथित तौर पर लगभग 50 बकरियों और भेड़ों की बलि दिए जाने के बाद कई व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। कहा जाता है कि ये बलि एक पारंपरिक त्योहार के हिस्से के तौर पर लगातार दी गई थी। ऑर्गनाइजर ने दावा किया कि यह एक लंबे समय से चली आ रही रस्म है, लेकिन एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट ने शिकायत दर्ज कराई, इसे 'क्रूर और अमानवीय' बताया और आरोप लगाया कि यह जानवरों की सुरक्षा कानूनों का उल्लंघन करता है। पुलिस ने धारा 325 के तहत FIR दर्ज की है।

### 3 राज्यों में SIR की फाइनल लिस्ट पब्लिश

**दिल्ली |** देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई। राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। अब तक कुल 6 राज्यों-UT की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। आज गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुडुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# समर न्यूज़ T-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज़, लोधी क्लब और आप अवेंजर्स की टीम ने अपने मैच जीते

**लुधियाना |** द समर न्यूज और समर एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा आयोजित समर टी-20 कप 2026 क्रिकेट की शुरुआत लुधियाना में हुई। पहला मैच लोधी क्लब और सतलुज क्लब की टीमों के बीच हुआ, जिसमें लोधी क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में आप अवेंजर्स और भाजपा ब्लास्टर की टीमों ने आमने-सामने खेला, जिसमें आप अवेंजर्स ने जीत हासिल की।

विस्तृत खबर पढ़ें: पेज 8 पर



### आज के क्रिकेट मैच

**लुधियाना |** 22 फरवरी रविवार को क्रिकेट मैच के क्वार्टर फाइनल सुबह 9:30 बजे समर न्यूज स्पार्टन्स बनाम एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स में होगा और दोपहर 1:30 बजे कांग्रेस चैलेंजर्स बनाम अकाली दल डॉलफिन के बीच मुकाबला होगा। सेमीफाइनल 28 फरवरी को खेले जाएंगे, जबकि ग्रैंड फाइनल 1 मार्च को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। ये सारे मैच पीएयू के क्रिकेट मैदान में खेले जाएंगे।

## दिल्ली में सुरक्षा अलर्ट

# लाल किला और चांदनी चौक पर आईईडी ब्लास्ट की आशंका

## ▪ केंद्रीय खुफिया इनपुट के बाद बढ़ी सुरक्षा, पंजाब और कश्मीर में IED बरामद

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के बाद शनिवार को दिल्ली में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। लाल किले और इसके आसपास के क्षेत्रों में संभावित आईईडी ब्लास्ट की चेतावनी के चलते हाई अलर्ट जारी किया गया है। खुफिया जानकारी में बताया गया कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है। विशेष रूप से चांदनी चौक इलाके का एक मंदिर संभावित हमले का लक्ष्य हो सकता है।





दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा रही हैं। लाल किला, चांदनी चौक और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीमों को भी तैयार रखा गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने आम जनता से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत सूचना देने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम केवल एहतियात के लिए उठाया गया है और घबराने की जरूरत नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से लश्कर-ए-तैयबा के निशाने पर हैं। खुफिया इनपुट में बताया गया कि यह संगठन तात्कालिक आईईडी हमले की योजना बना रहा है। चांदनी चौक इलाके का एक प्रमुख मंदिर संभावित लक्ष्य हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके के आस-पास वाहनों की जांच बढ़ा दी है और सार्वजनिक स्थानों पर कैमरा निगरानी को तेज किया गया है।

**पाकिस्तान के इस्लामाबाद में विस्फोट का बदला**

खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि इस संगठन का इरादा भारत में हमला करने का पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 6 फरवरी को हुए मस्जिद विस्फोट का बदला लेना है। सूत्रों के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा देश के प्रमुख मंदिरों को निशाना बनाकर बड़ा हमला करने की योजना बना रहा है। इस खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां सभी प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सतर्क हैं।

**नागरिकों के लिए सुरक्षा निर्देश**

दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने नागरिकों से सतर्क रहने, संदिग्ध वस्तुओं को छूने या उनकी ओर आकर्षित होने से बचने और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करने की अपील की है। सुरक्षा एजेंसियों ने यह स्पष्ट किया कि अलर्ट केवल एहतियात के तौर पर है और आम जनता के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं है।

### *पंजाब और कश्मीर में IED बरामदगी*

*सुरक्षा अलर्ट के बीच पंजाब और कश्मीर में दो संदिग्ध IED बरामद किए गए। पंजाब के अमृतसर जिले में राय्या पुलिस चौकी के पास एक संदिग्ध बैग में बम पाया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया। कश्मीर में भी इसी तरह की बरामदगी हुई। हालांकि अधिकारियों ने इसे दिल्ली की चेतावनी से जोड़कर आतंकी साजिश नहीं माना, लेकिन घटनाओं के समय और संदिग्ध गतिविधियों के कारण सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं।*

## अजित पवार के भतीजे का आरोप, प्लेन क्रैश बड़ी साजिश

**एजेंसी | नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तो यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या व्यावसायिक। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है। डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी।



### भाजपा विधायक रिश्वत लेते पकड़ा

**कर्नाटक |** कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने भाजपा विधायक चंद्रू लामाणी को 5 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा। विधायक ने लघु सिंचाई विभाग के रिटेनिंग वॉल बनाने के काम के लिए ठेकेदार से 11 लाख रुपए की मांग की थी। जाल बिछाने के दौरान 5 लाख रुपए लेते हुए उन्हें पकड़ा गया। विधायक के साथ उनके निजी सहायक मंजूनाथ वाल्मीकि और गुरु नाइक को भी हिरासत में लिया गया है।

### बस और वैन टक्कर में 5 लोगों की मौत

**भिंड |** भिंड में बस और वैन आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास नेशनल हाईवे-719 पर रात 2.30 बजे हुआ। गोईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस भिंड से ग्वालियर की ओर जा रही थी।

# अविमुक्तेश्वरानंद और शिष्य पर बच्चों के यौन शोषण का मामला दर्ज होगा

**समर न्यूज़ | इलाहाबाद**

इलाहाबाद जिला न्यायालय पॉक्सो एक्ट की अदालत ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य दंडी स्वामी प्रत्यक्त चैतन्य मुकुंदानंद गिरि के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश शाकुंभरी पीठीधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए स्पेशल कोर्ट ने दिया है।



स्पेशल कोर्ट पॉक्सो के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने जगद्गुरु ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बच्चों का यौन शोषण करने के आरोप में झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरि के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायालय ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के बाद अब झूंसी थाने में मामला दर्ज किया जाएगा। धारा 173 (4) के तहत शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच करने की मांग को लेकर कोर्ट में वाद दायर किया था। जिस पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है।

शाकुंभरी पीठाधीश्वर और श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट के आशुतोष ब्रह्मचारी ने अदालत के आदेश पर संतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि न्याय के मंदिर से न्याय मिला है। न्यायाधीश ने बच्चों के साथ हुए लैंगिक अपराध के मामले में झूंसी थाने में एफआईआर करते हुए जांच करने का आदेश दिया है। कहा कि सनातन के नाम पर बच्चों का शोषण करने वालों को सजा मिलेगी। कहा कि वह प्रयागराज से विद्या मठ वाराणसी के लिए पैदल यात्रा निकालेंगे।




## पेज 1 एंकर स्टोरी

### मुलुंड में राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए गए

# भाजपा वर्करों ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और युवा विंग के सदस्यों ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को बाधित करने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस की निंदा करते हुए कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली, सूरत, महाराष्ट्र के मुलुंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर प्रदर्शन हुए, जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की निंदा करते हुए नारे लगाए और तख्तियां लहराईं। मुलुंड में, प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए, जब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि के मामले में नई जमानत




देने के लिए ठाणे जा रहे थे। पूरा देश उन्हें काले झंडे दिखा रहा है। यहां तक कि उनके सहयोगी दल भी उन्हें लाल झंडे दिखा रहे हैं। हर कोई कह रहा है कि कांग्रेस राष्ट्र-विरोधी है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए आगे कहा कि भाजपा के खिलाफ कोई भी विरोध प्रदर्शन वैश्विक शिखर सम्मेलन के बजाय भाजपा कार्यालय, जंतर-मंतर या सेवा तीर्थ (प्रधानमंत्री कार्यालय) में किया जाना चाहिए था।

### यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा की AI समिट में यूथ कांग्रेस ने हम सबको शर्मिंदा कर दिया। हमारी पॉलिटिक्स कहां जा रही है। किसी को भी हमारे देश को नीचा नहीं दिखाना चाहिए। हमारे पॉलिटिकल मतभेद चाहे जो भी हों, हमें हमेशा दुनिया के सामने एक साथ रहना चाहिए।



### कांग्रेसी युवा का प्रदर्शन निंदनीयः मायावती

उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने कहा की नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट', जिसमें देश और विदेश के कई प्रमुख लोग आमंत्रित थे, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन लोगों ने अर्द्धनग्न होकर अपना रोष जताया, जिनमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं, वह अति-अशोभनीय और निंदनीय है। अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण करना चिंता का विषय है। हमें अपने देश की गरिमा और छवि को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए।



# बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को 20 साल कैद

## अदालत ने दोषी पर 60,000 रुपये जुर्माना लगाया

समर न्यूज़ | मोगा



मोगा में एडिशनल सेशन जज ने नाबालिग बेटी को डरा धमकाकर लगातार 7 साल तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को 20 साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पिता पर 60,000 रुपये जुर्माने का फैसला सुनाया है। थाना निहाल सिंह में रहने वाली नाबालिग ने 6 सितंबर 2024 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी 2015 से लेकर 4 सितंबर 2022 तक उसके ही पिता ने उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी और मारपीट की जाती थी। लड़की जब भी दादा-दादी या चाचा-चाची के पास रात को सोने को कहती तो पिता उसके साथ मारपीट कर अपने साथ कमरे में ले जाता था। अंदर से कमरे को ताला लगाकर रखता था।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि मां की मौत के बाद से लगातार 7 साल तक उसका पिता उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा है। उसके दादा-दादी ने एक बार बिलासपुर पुलिस चौकी में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। क्योंकि पिता ने उसके ऊपर कस्सी से प्रहार किया था। पुलिस ने उसके पिता जसवीर सिंह को आखरी मौका दिया था। वह अपनी बेटी को तंग परेशान नहीं करेगा। लेकिन इसके बावजूद पिता उसे तंग परेशान करता रहा। इसके बाद दादा-दादी के कहने पर वह ननिहाल घर आ गई, उसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

**पीड़िता ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर की शिकायत**

लड़की ने कहा कि वह अपने पिता को उसकी घिनौनी हरकतों की सजा दिलवाना चाहती थी। डेढ़ साल बाद उसने अपनी किताब में लिखे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने के बारे में सोचा। उसने अपनी एक सहेली को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी और चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करके पूछने के लिए कहा कि वह उसकी मदद करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि उसके पिता पर कार्रवाई भी होगी और उसे सजा दिलवाई जाएगी।

**बेटी ने पिता को दिलाई 20 साल कैद की सजा**

लड़की ने बताया कि 2 सितंबर 2024 को उसने चाइल्ड हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। 5 सितंबर 2024 को बठिंडा के महिला पुलिस थाने द्वारा उसके बयान दर्ज करने के बाद जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए। उसके पिता जसवीर सिंह के खिलाफ धारा 376, 506 आईपीसी व 6 द प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस के तहत केस दर्ज किया था। अदालत द्वारा कैसे की सुनवाई के दौरान जसवीर सिंह को दोषी करार देते हुए। 20 साल कैद व 60,000 रुपये जुर्माने का फैसला सुनाया है।

# मोगा के अस्पताल में लगी आग

समर न्यूज़ | मोगा

मोगा जिले के मथुरा दास सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार देर रात 12 बजे शॉर्ट सर्किट हो गया। इस दौरान छत पर रखी पानी की टंकी से लीकेज होकर पानी पावर सप्लाई पैनल में आ गया, जिससे चिंगारियां निकलने लगीं और पूरी इमरजेंसी में अंधेरा छा गया। बता दे कि घटना के बाद इमरजेंसी स्टाफ ने तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचना दी। आनन-फानन में इमरजेंसी को रात में ही पुराने इमरजेंसी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, जब इमरजेंसी विभाग मरीजों को प्राथमिक उपचार दे रहा था, तभी पानी की टंकी से पानी रिसकर पास के पाइप से होते हुए पावर सप्लाई पैनल तक पहुंच गया। इससे पैनल में शॉर्ट सर्किट हो गया। इस दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण इमरजेंसी विभाग को बंद करना पड़ा। यहां आने वाले मरीजों को पुराने इमरजेंसी विभाग में भेजा गया।

# केजरीवाल का कांग्रेस-बीजेपी पर हमला

## शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

समर न्यूज़ | अहमदाबाद



अहमदाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बजट, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार 21 फरवरी से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। अहमदाबाद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहे। इस दौरान केजरीवाल ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों पर तीखा हमला बोला और कहा कि गुजरात की जनता अब इन दोनों दलों से परेशान हो चुकी है।

केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में सड़कों की हालत खराब है और शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था भी दयनीय स्थिति में है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता अब आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार के काम से लोग संतुष्ट हैं और गुजरात में भी पार्टी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

गुजरात बजट पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि हाल ही में पेश किया गया बजट आम लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने कहा कि आम आदमी का बजट उसके घर के खर्च और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ा होता है, लेकिन इस बजट में आम जनता के लिए कुछ भी खास नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, व्यापारियों और महिलाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के समय सरकारें आमतौर पर जनता को राहत देने की कोशिश करती हैं, लेकिन गुजरात सरकार को इसकी परवाह नहीं है।

गौरतलब है कि गुजरात में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी राज्य में अपने संगठन को मजबूत करने और भविष्य की राजनीतिक रणनीति को धार देने के लिए सक्रिय हो गई है। केजरीवाल का यह दौरा इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# 100वें जन्मदिन पर जगजीत सिंह बावा को डीजीपी की शुभकामनाएं

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने 1951 बैंच के सेवामुक्त आईपीएस अधिकारी जगजीत सिंह बावा को उनके 100वें जन्मदिन मौके शुभकामनाएं दी है। डीजीपी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में कहा कि इंडियन पुलिस सर्विस के पंजाब कैडर की प्रमुख हस्ती बावा अधिकारियों की एक पीढ़ी का नेतृत्व करते है, जिन्होंने पेशेवर, सैद्धांतिक और निडर पुलिसिंग की मज़बूत नींव रखी।

उन्होंने लिखा कि पंजाब कैडर लंबे समय से अपनी समर्पित सेवा भावना, लीडरशिप और देश प्रति योगदान के लिए प्रशंसा का पात्र रहा है और श्री बावा पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारियों की पहली कतार की हस्तियों में से एक है। बताने योग्य है कि विशेष डीजीपी हैडक्वाटर एस.एस. वास्तव और डीआईजी परसोनल अमनीत कौंडल ने वैटर्न अधिकारी के साथ उनके निवास स्थान पर मुलाकात करके उनको पूरी पुलिस फोर्स की तरफ़ से शुभकामनाएं दी।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि आईजीपी पंजाब और डायरैक्टर सीबीआई के तौर पर अपनी मिसाली सेवा के द्वारा श्री बावा ने इमानदारी, संस्थागत ताकत और जनतक विश्वास के उच्च स्तर को कायम रखा। उन्होंने कहा कि बावा का जीवन और करियर लगातार अधिकारियों को प्रेरित करता आ रहा है। डीजीपी ने आगे कहा कि जब हम आज बावा का 100वां जन्मदिन मना रहे है, पंजाब पुलिस देश प्रति ड्यूटी, सम्मान और सेवा के लिए उनके प्रति अपना गहरा मान- सम्मान व्यक्त करती है।

# मातृभाषा दिवस पर पंजाबी अपनाने का आह्वान

## शिक्षा मंत्री बैंस ने भाषा संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

जगदीश | नवांशहर
समर न्यूज़



पंजाब के शिक्षा और भाषा मंत्रीहरजोत सिंह बैंस ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मौके लोगों को शिक्षा, संचार, सभ्याचार संभाल और टिकाऊ विकास में मातृ भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका का हवाला देते मातृभाषा पंजाबी को अपने रोज़ाना के जीवन में अपनाने का न्योता दिया।

लोगों को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की शुभकामनाएं देते स.हरजोत सिंह बैंस ने ज़ोर देकर कहा कि सभी भाषाएं बराबर सम्मानीय है। उन्होंने पंजाबी के प्रसार और सभ्याचार की संभाल प्रति मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की अटूट वचनबद्धता को दोहराया। बैंस ने बताया कि राज्य के कोने- कोने तक पंजाबी भाषा के प्रसार और सम्मान को यकीनी बनाने के लिए भाषा विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर पंजाब भर में 13 समागम आयोजित किए है। इन समागमों में कवि दरबार, नाटक, भाषा सैमीनार, विद्यार्थियों के भाषण मुकाबले और साहित्यक चर्चाएं शामिल है। पंजाब सरकार की तरफ से मातृ भाषा की संभाल और इसके विश्वव्यापी प्रचार के लिए किए गए कई प्रयासों को उजागर करते भाषा मंत्री ने कहा कि पंजाबी साहित्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली शख़्सियतों के सम्मान के लिए विभाग की तरफ से जरूरतमंद लेखकों, साहित्यकारों और उनके आश्रित परिवारों को 15, 000 रुपए की महीनावार पैन्शन/ वित्ती सहायता प्रदान की जा रही है। इसके इलावा विभाग साल 2025 के लिए बैस्ट लिटरेरी पंजाबी बुक्क अवार्ड योजना के अंतर्गत अलग- अलग श्रेणियों में 10 पुरुस्कार प्रदान किए है। इसके साथ ही विभाग की तरफ से 11 पंजाबी साहित्यक सभाओं को वित्तीय सहायता भी दी गई जिससे वह मातृभाषा के प्रसार के लिए समर्पित समागम करवा सकें।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में पंजाबी भाषा प्रति लगाव पैदा करने के यत्नों के अंतर्गत विभाग ने 20 ज़िला भाषा दफ़्तरों में पंजाबी साहित्यक सृजित करना और कविता गान मुकाबले करवाए है। इसीके साथ ही राज्य भर में पंजाबी बाल साहित्य क्विज़ मुकाबले करवाए गए, जिनके फ़ाईनल मुकाबले मोगा में रखे गए और भाषायी उत्तमता प्रति मुकाबले की भावना को उत्साहित करते विजेताओं को अलग- अलग पुरुस्कारों के साथ सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि इन प्रयासों में श्री फतेहगढ़ साहिब में ऐतिहासिक शहीदी जोड़ मेल में धार्मिक कविता मुकाबले करवाना भी शामिल है।

# पंजाब पुलिस ने 631 ठिकानों पर की छापेमारी, 217 गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रहे निर्णायक अभियान गैंगस्टरां ते वार के 32वें दिन पंजाब पुलिस ने राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 631 टिकानों पर छापेमारी की। ज़िक्रयोग्य है कि गैंगस्टरां ते वार पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक युद्ध है, जिसकी सुरूआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस डायरैक्टर जनरल डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने की थी।

एंटी- गैंगस्टर टास्क फोर्स एजीटीएफ पंजाब के पूरे तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्यवाहियां कर रही है। मुहिम के 32वें दिन, पुलिस टीमों ने 217 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्ज़े में से छह हथियार बरामद किए, जिसके साथ मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की गिनती 10, 412 हो गई है। इसके इलावा 95 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई है, जब कि 151 व्यक्तियों की जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान आठ भगौड़े अपराधियों पीओ को भी गिरफ़्तार किया है। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशे विरुद्ध अपनी मुहिम युद्ध नशा विरुद्ध को 357वें दिन भी जारी रखते आज 117 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया और उनके कब्ज़े में से 3.1 किलो हेरोइन, 3 किलो अफ़ीम, 446 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 63250 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ केवल 357 दिनों में गिरफ़्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 50691 हो गई है। नशा छुड़ाओ मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 37 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुर्नवास इलाज करवाने के लिए राज़ी किया।

# एग्रीकल्चर कॉलेज में कंडी क्षेत्र के छात्रों के लिए 10% सीटें आरक्षित

जगदीश | नवांशहर
समर न्यूज़

पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक बोर्ड ने कंडी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया है। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल के नेतृत्व में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि एग्रीकल्चरल कॉलेज बल्लोवाल सौंखड़ी में प्रवेश के लिए कंडी इलाके के विद्यार्थियों के लिए 10% सीटें आरक्षित की गई कॉलेज के डीन डॉ. मनमोहनजीत सिंह ने बताया कि इस कॉलेज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही कंडी क्षेत्र में कृषि शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। अब बोर्ड के नए फैसले के अनुसार कॉलेज में हर साल होने वाले दाखिलों में कंडी क्षेत्र के छात्रों के लिए 10% अतिरिक्त सीटें सुरक्षित रहेंगी। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि यह आरक्षण विशेष रूप से कंडी इलाके के किसान परिवारों और वहां की खेती को लाभ पहुंचाने के लिए है।

# ऑटो यूनियन प्रधान ने खुद को गोली मारकर दी जान

## घरेलू विवाद से परेशान होकर उठाया कदम

समर न्यूज़ | अमृतसर



अमृतसर में एक ऑटो यूनियन के नेता ने घरेलू झगड़े के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। खुद को गोली मारने से पहले उसने अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर तंग-परेशान करने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो जारी किया. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि उसका अपनी पत्नी से लगभग छह महीने से झगड़ा चल रहा था। घटना वाली रात उसकी पत्नी अपने मायके चली गई। सुबह लगभग 3:30 बजे उसने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग उसके कमरे में पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

मृतक अश्वनी कुमार उर्फ आशु नाहर शहर के चब्बल रोड में नगर निगम में ड्राइवर था और नगर निगम ऑटो वर्कशॉप यूनियन का प्रधान था. वह दो बेटियों (10 और 7 साल) का पिता था। इस घटना से पूरे परिवार में शोक का माहौल है. पुलिस अब आशु के बनाई गई वीडियो और परिवार के बयानों के आधार पर जांच कर रही है ताकि उसकी आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

सूत्रों के मुताबिक, आशु की शादी 2016 में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं. उसका अपनी पत्नी से छह महीने से घरेलू झगड़ा चल रहा था। यह एक अलमारी में से एक विवादास्पद चीज मिलने के बाद शुरू हुआ था। इस मामले की रिपोर्ट पहले पुलिस को दी गई थी, जहां सुलह करने की कोशिश की गई थी लेकिन मसला नहीं सुलझा। बताया जा रहा है कि पिछली रात दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई और आशु ने सुबह 3:30 बजे के करीब यह भयानक कदम उठाया। इससे पहले, आशु ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें रो-रो कर अपना दुख व्यक्त किया और अपनी आत्महत्या के लिए अपनी पत्नी और ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया।

# पटियाला में 58 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत

एजेंसी | पटियाला

पटियाला के नजदीकी गांव रोंगला की रहने वाली 58 साल की बलजीत कौर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. परिवार ने गांव के सरपंच के बेटे पर बलजीत कौर की पिटाई करके कत्ल करने का आरोप लगाया है।

बलजीत कौर की लड़की के मुताबिक, उसकी मां नजदीक खेतों में गोबर उठाने गई थी. इस दौरान एक गाड़ी में सवार होकर गांव के सरपंच का बेटा अपने साथियों समेत आया और उसकी मां की तेजधार हथियारों से पिटाई की, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। बता दें कि महिला का पति भी कुछ दूरी पर काम कर रहा था. जब तक वह पहुंचा तब तक सरपंच का बेटा वहां से जा चुका था और महिला जख्मी हालत में खून से लथपथ पड़ी थी. मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है और उन्होंने मुलजिम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बेटी ने बताया कि जब उसकी मां बलजीत कौर को इलाज के लिए सरकारी रजिंदरा अस्पताल में लाया गया, वहां उनकी मौत हो गई. इस मामले में थाना त्रिपुड़ी के एसएचओ इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह ने परिवार को विश्वास दिलाया कि इस मामले में बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन दूसरी तरफ परिवार ने आशंका जाहिर की कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही. इससे पहले भी उन्हें सरपंच के कहने पर तंग परेशान किया जा रहा था. इस घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है।

# अकाली सरकार बनी तो शगुन 1 लाख और बुढ़ापा पेंशन 3100 रुपये होगाः खन्ना

समर न्यूज़| संगरूर



शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा है कि अकाली दल की पंजाब व पंजाबियत के हितों की रक्षा करने वाली पार्टी है।

अरविंद खन्ना भाजपा किसान विंग ब्लाक भवानीगढ़ के प्रधान भूपिंदर सिंह तथा भाजपा एससी विंग ब्लाक प्रधान तेजी सिंह को अकाली दल में शामिल करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। अरविंद खन्ना ने कहा कि अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल द्वारा पंजाब दौरे के दौरान की जा रही घोषणाओं ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी समेत सभी राजनीतिक दलों से मुद्दा छीन लिया है। पंजाब के लोग अकाली दल द्वारा आयोजित पंजाब बचाओ रैलियों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

अरविंद खन्ना ने कहा कि अकाली दल की सरकार बनने पर गरीब बेटियों की शादी के लिए दी जाने वाली 'शगुन' राशि बढ़ाकर 1 लाख करने, बुढ़ापा पेंशन 3100 रुपये प्रति माह करने तथा आटा-दाल योजना को दोबारा शुरू कर उसका विस्तार करने जैसी घोषणाएं सीधे आम जनता से जुड़ी हैं। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल की सरकार के कार्यकाल के दौरान इन योजनाओं के माध्यम से लाखों लोगों को सीधा लाभ मिला है। अकाली नेता ने कहा कि संगरूर समेत पंजाब के लोगों ने अकाली दल को राजनीतिक विकल्प के रूप में स्वीकार कर लिया है। अरविंद खन्ना ने कहा कि इस समय केवल अकाली दल ही ऐसी पार्टी है जिसके पास पंजाब के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट विजन है और वे दिल्ली आधारित पार्टियों की तरह नहीं हैं, जो केवल सत्ता का लाभ लेने के लिए राज्य में आती हैं।

# अबोहर में देर रात गुंडागर्दी युवक पर चाकू से हमला

समर न्यूज़ | अबोहर



अबोहर-फाजिल्का रोड स्थित मोहल्ला शिवराम पुरा में रात गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। यहां एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बचाव में आए उसके दादा को भी ईंटों से पीटा गया, जिससे वे भी जख्मी हो गए। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें फरीदकोट रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ले के ही एक युवक ने पहले एक परिवार पर पथराव किया। जब इसका विरोध किया गया, तो उसने युवक पर चाकू से कई वार कर दिए। बीच-बचाव करने आए उसके दादा पर भी ईंटों से हमला किया गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें फरीदकोट रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी वन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने हुड़दंग मचा रहे आरोपी युवक और उसके ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर मोहल्ले के लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आरोपी युवक साहिल, जो मोहल्ले के राजकुमार का दामाद है।

आयोजन

2 मार्च तक चलने वाले मेले का वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने किया उद्घाटन

# पटियाला के शीश महल में पंजाब सखी शक्ति क्राफ्ट मेले का भव्य आगाज

समर न्यूज़ | पटियाला





पटियाला तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों और देशभर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पाद एक ही मंच पर उपलब्ध कराने तथा विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से पटियाला की विरासती इमारत शीश महल में आयोजित पंजाब सखी शक्ति क्राफ्ट मेले का आज धूमधाम से शुभारंभ हुआ।

2 मार्च तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन पंजाब के वित्त, योजना, कर एवं आबकारी मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उनके साथ मेयर कुंदन गोगिया, डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया तथा एडीसी (ग्रामीण विकास) दमनजीत सिंह मान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत बीन वादन और पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ किया गया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पूर्व सरकारों ने पंजाब की समृद्ध विरासत, संस्कृति और ग्रामीण स्तर की उद्यमिता की उपेक्षा की, किंतु मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐसे मेलों के लिए बजट 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 70 करोड़ रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पंजाब को वास्तविक अर्थों में "रंगला पंजाब" बनाने की दिशा में सार्थक कदम हैं।

वित्त मंत्री ने बताया कि पंजाब सखी शक्ति मेला ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) और महिला उद्यमियों को सरकारी स्तर पर सशक्त विपणन मंच उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह उच्च गुणवत्ता वाले, ऑर्गेनिक और पारंपरिक उत्पाद तैयार करते हैं, लेकिन बड़े स्तर पर विपणन अवसरों की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस कमी को दूर करने के लिए पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के अधीन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से ऐसे मेलों का आयोजन किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का दौरा कर शिल्पकारों के साहस, समर्पण और उद्यमशीलता की सराहना की।

इस दौरान हरपाल सिंह चीमा ने शीश महल में पुरालेख विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया, जिसमें महाराजा रणजीत सिंह के खालसा दरबार से संबंधित हस्तलिखित दस्तावेज, महाराजा दलीप सिंह के पत्र तथा वर्ष 1858 के पंजाब गजट की लगभग 20 वर्षों बाद लगाई गई प्रदर्शनी शामिल थी। वित्त मंत्री ने पंजाबी यूनिवर्सिटी द्वारा उद्यमिता, नवाचार एवं करियर हब के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा निर्मित पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी तथा पंजाब डिजिटल लाइब्रेरी की 14वीं प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया, जिसमें 1710 से 1849 तक के सिख शासनकाल के इतिहास को दर्शाया गया है। उन्होंने लोगों से इन प्रदर्शनों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

वित्त मंत्री ने देशभर से आए शिल्पकारों तथा विशेष रूप से थाईलैंड से पहुंचे कलाकारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने आम जनता और पटियाला वासियों से अपील की कि वे परिवार सहित मेले का आनंद लें। मेले में लगाए गए 150 से अधिक स्टॉलों पर पहले दिन बड़ी संख्या में दर्शकों ने हस्तशिल्प वस्तुओं की खरीद-फरोख्त की।

समर प्राइम 3
www.summerexpress.in
22 फरवरी 2026
समर एक्सप्रेस

भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुखों ने संयुक्त अभ्यास बढ़ाने पर दिया जोर

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थलसेना प्रमुख जनरल, रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने संयुक्त अभियान कमान मुख्यालय में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के संयुक्त अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें संयुक्त अभियान केंद्र में एकीकृत कमान और नियंत्रण संरचनाओं तथा वास्तविक समय परिचालन समन्वय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

भारतीय सेना के अतिरिक्त महानिदेशक जनसंपर्क ने एक्स पर साझा जानकारी में बताया कि दोनों पक्षों के बीच तालमेल मजबूत करने, संयुक्त परिचालन ढांचे को सुदृढ़ बनाने और द्विपक्षीय सैन्य सहयोग का दायरा बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर दोनों रक्षा बलों ने आपसी सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। चार दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट से भी मुलाकात की। दोनों सेना प्रमुख संयुक्त राज्य अमेरिका के यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी वॉर कॉलेज के वर्ष 2015 बैच के पूर्व छात्र रहे हैं। रसेल कार्यालय में जनरल द्विवेदी को औपचारिक सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। दोनों सेना प्रमुखों ने रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य और भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यासों के विस्तार पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। भारतीय सेना के अनुसार, उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सेना की प्रमुख परिचालन और क्षमता विकास संबंधी पहलों की भी जानकारी दी गई।

# आईएनएस अरिधमन से बढ़ेगी भारत की समुद्र आधारित परमाणु ताकत

## तीसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी अप्रैल-मई तक हो सकती है शामिल, सेकेंड स्ट्राइक क्षमता को मिलेगा बल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



भारत की समुद्र आधारित परमाणु क्षमता को जल्द ही बड़ा बढ़ावा मिलने जा रहा है। भारतीय नौसेना की तीसरी स्वदेशी परमाणु ऊर्जा से संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिधमन को अप्रैल-मई तक नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया जा सकता है। रक्षा सूत्रों के अनुसार पनडुब्बी इस समय अंतिम चरण के समुद्री परीक्षणों से गुजर रही है और गर्मियों तक इसे बेड़े में शामिल किए जाने की संभावना है।

विशाखापत्तनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर में उन्नत प्रौद्योगिकी पोत परियोजना के तहत निर्मित यह पनडुब्बी पहले से सेवा में मौजूद आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघात से बड़ी और अधिक सक्षम बताई जा रही है। लगभग 7,000 टन वजनी इस पनडुब्बी का विस्थापन उसके पूर्ववर्ती पोतों से अधिक है, जिनका विस्थापन लगभग 6,000 टन है। आईएनएस अरिधमन में दो प्रकार की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की जाएंगी। इनमें 750 किलोमीटर मारक क्षमता वाली के-15 सागरिका मिसाइल की 24 इकाइयां और 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 मिसाइल की 8 इकाइयां शामिल होंगी। के-4 मिसाइल की लंबी दूरी एशिया के अधिकांश हिस्सों तक पहुंचने में सक्षम मानी जाती है, जिससे भारत की सामरिक क्षमता और मजबूत होगी। ये परमाणु पनडुब्बियां भारत की द्वितीय प्रहार क्षमता को सुदृढ़ करती हैं। इसका अर्थ है कि यदि कभी भारत पर परमाणु हमला होता है, तो समुद्र की गहराइयों में तैनात पनडुब्बी जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम होगी। माना जा रहा है कि इस पनडुब्बी का कमीशनिंग समय ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के आसपास हो सकता है, जिसे सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

पनडुब्बी के सिस्टम सत्यापन और हथियार एकीकरण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। यदि शेष परीक्षण सफल रहते हैं, तो शुरुआती गर्मियों में इसे औपचारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह पनडुब्बी वर्ष 2026 में कमीशन होगी और अब इसकी समय-सीमा स्पष्ट होती नजर आ रही है। उन्नत प्रौद्योगिकी पोत कार्यक्रम के तहत तैयार यह पनडुब्बी भारत की परमाणु त्रि-आयामी क्षमता को और मजबूत करेगी। यह देश की विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता और सुनिश्चित द्वितीय प्रहार क्षमता की नीति को मजबूती देती है। रणनीतिक दृष्टि से आईएनएस अरिधमन का शामिल होना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की स्थिति को और सशक्त करेगा। क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच यह कदम भारत की समुद्री परमाणु तैयारियों को नई धार देने वाला माना जा रहा है।

# मार्च वीजा बुलेटिन : भारत के लिए रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड में बड़ी राहत

## ईबी-2 और ईबी-4 श्रेणियों में उल्लेखनीय बढ़त, पारिवारिक श्रेणियों में मामूली बदलाव

एजेंसी | नई दिल्ली



मार्च 2026 के वीज़ा बुलेटिन में भारत के लिए रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड श्रेणियों में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। विशेष रूप से चौथी और दूसरी वरीयता श्रेणियों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फाइनल एक्शन चार्ट के अनुसार, चौथी वरीयता श्रेणी की तिथि 1 जनवरी 2021 से बढ़कर 15 जुलाई 2021 हो गई है, जबकि दूसरी वरीयता श्रेणी 15 जुलाई 2013 से आगे बढ़कर 15 सितंबर 2013 तक पहुंच गई है।

तीसरी रोजगार-आधारित वरीयता श्रेणी में कुशल श्रमिक, पेशेवर और अन्य श्रमिक शामिल होते हैं। इस श्रेणी को विश्व स्तर पर उपलब्ध रोजगार-आधारित वीज़ा का 28.6 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, साथ ही पहली और दूसरी श्रेणियों में उपयोग न होने वाले वीज़ा भी इसमें जोड़े जाते हैं। इसमें अकुशल श्रमिकों के लिए 10,000 वीज़ा की सीमा निर्धारित है। चौथी वरीयता श्रेणी को वैश्विक स्तर पर 7.1 प्रतिशत वीज़ा आवंटित किए जाते हैं, जिसमें धार्मिक कार्यकर्ता, अमेरिकी विदेश सेवा से जुड़े कुछ कर्मचारी और अमेरिकी सशस्त्र बलों में सेवा दे चुके व्यक्ति शामिल हैं। फाइलिंग तिथियों के चार्ट में चौथी वरीयता श्रेणी ने बड़ी छलांग लगाते हुए 15 मार्च 2021 से बढ़कर 1 जनवरी 2023 तक पहुंच बनाई है। दूसरी वरीयता श्रेणी की फाइलिंग तिथि भी 1 दिसंबर 2013 से बढ़कर 14 नवंबर 2014 हो गई है, जबकि पहली वरीयता श्रेणी की फाइलिंग तिथि 1 अगस्त 2023 से बढ़कर 1 दिसंबर 2023 हो गई है। पारिवारिक प्रायोजित श्रेणियों में अधिकतर तिथियां यथावत बनी हुई हैं। केवल द्वितीय वरीयता 'ए' श्रेणी की फाइलिंग तिथि 22 जनवरी 2026 से बढ़कर 22 फरवरी 2026 हो गई है, जबकि अन्य सभी पारिवारिक श्रेणियों की अंतिम कार्रवाई और फाइलिंग तिथियां पहले जैसी ही हैं।

वीज़ा बुलेटिन ग्रीन कार्ड के इच्छुक आवेदकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है, क्योंकि यह आवेदन की पात्रता और समय सीमा के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन देता है। इसमें दो प्रमुख भाग होते हैं। फाइलिंग तिथियां और अंतिम कार्रवाई तिथियां। फाइलिंग तिथियां यह निर्धारित करती हैं कि आवेदक अपनी स्थिति समायोजन या आप्रवासी वीज़ा के लिए आवेदन कब जमा कर सकते हैं, जबकि अंतिम कार्रवाई तिथियां यह संकेत देती हैं कि आवेदन कब स्वीकृत हो सकता है और स्थायी निवास की प्रक्रिया कब आगे बढ़ेगी। रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड आवेदनों में यह आवश्यक है कि आवेदक की प्राथमिकता तिथि बुलेटिन में निर्धारित तिथि से पहले की हो, तभी वे आवेदन करने के पात्र माने जाएंगे। परिवार-प्रायोजित आप्रवासियों के लिए वार्षिक सीमा 2,26,000 निर्धारित है और प्रत्येक देश के लिए कुल पारिवारिक तथा रोजगार-आधारित वरीयताओं का 7 प्रतिशत प्रति-देश सीमा तय है। वीज़ा आवंटन प्राथमिकता तिथि के आधार पर किया जाता है। यदि किसी श्रेणी में मांग उपलब्ध वीज़ा संख्या से अधिक हो जाती है तो उसे अधिक-सदस्यता वाली श्रेणी माना जाता है और ऐसी स्थिति में अंतिम कार्रवाई तिथि उस पहले आवेदक की प्राथमिकता तिथि के अनुसार तय की जाती है जिसे वीजा उपलब्ध नहीं हो सका।

रोजगार-आधारित वरीयताओं में प्राथमिकता श्रमिकों, उच्च डिग्रीधारी या असाधारण क्षमता वाले पेशेवरों, कुशल व अकुशल श्रमिकों, विशेष आप्रवासियों और रोजगार सृजन निवेशकों के लिए अलग-अलग प्रतिशत निर्धारित हैं। इन श्रेणियों का उद्देश्य अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विविध और प्रतिभाशाली पेशेवरों को आकर्षित करना है। वीजा बुलेटिन की नियमित निगरानी ग्रीन कार्ड प्रक्रिया को समझने और सही समय पर आवेदन करने के लिए अत्यंत आवश्यक मानी जाती है।

# ईपीआर ढांचे में गंभीर संरचनात्मक कमियां मौजूद

## उपभोक्ता जागृति, निगरानी-पारदर्शिता की कमी उजागर

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



भारत के ई-कचरा प्रबंधन के लिए बनाए गए विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) ढांचे में गंभीर संरचनात्मक कमियां मौजूद हैं, जिसके कारण हरित परिवर्तन के लिए आवश्यक कई महत्वपूर्ण खनिज प्रणाली से बाहर रह जा रहे हैं। पर्यावरण विषयक थिंक टैंक टॉक्सिक्स लिंक की नई अध्ययन रिपोर्ट लॉन्ग रोड टू सर्कुलैरिटी में यह निष्कर्ष सामने आया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान ईपीआर ढांचा केवल चार धातुओं सोना, तांबा, लोहा और एल्युमिनियम की रिकवरी को अनिवार्य करता है, जबकि नियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और लिथियम जैसी कई मूल्यवान और महत्वपूर्ण धातुएं प्रणाली से बाहर रह जाती हैं। ये धातुएं संसाधन सुरक्षा को मजबूत करने और हरित ऊर्जा संक्रमण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में इनकी अनदेखी हो रही है और वे नष्ट हो जाती हैं।

ईपीआर पोर्टल पर कुल बाजार प्रतिभागियों का समुचित डेटा उपलब्ध नहीं है। छोटे स्तर के निर्माता, ऑनलाइन विक्रेता और ग्रे-मार्केट आयातक इस प्रणाली से बाहर हैं। इसके अलावा 2023-24 और 2024-25 वित्तीय वर्षों के लिए अनुपालन न करने पर लगाए गए जुर्माने और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। विस्तृत आंकड़े केवल संचालकों तक सीमित हैं, जिससे आम जनता को प्रणाली के प्रदर्शन की सीमित जानकारी मिलती है। वर्तमान नियमों में किसी एक हितधारक को संग्रह केंद्र स्थापित करने की स्पष्ट जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इसके कारण उपभोक्ताओं के लिए अधिकृत ई-कचरा चैनल में अपना कचरा जमा करना बेहद कठिन हो जाता है। टॉक्सिक्स लिंक के एसोसिएट डायरेक्टर सतीश सिन्हा ने कहा कि ईपीआर भारत के ई-कचरा प्रबंधन ढांचे की आधारशिला है, लेकिन केवल सिद्धांत से अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं किए जा सकते। इसके साथ एक प्रभावी और मजबूत कचरा संग्रह प्रणाली, अनौपचारिक क्षेत्र का एकीकरण, उच्च तकनीक वाली रीसाइक्लिंग सुविधाओं का विकास और जन जागरूकता आवश्यक है, ताकि प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डेटा को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाए। ई-कचरे के प्रवाह को सुव्यवस्थित करने के लिए रिवर्स सप्लाई चेन और संग्रह तंत्र को मजबूत किया जाए। उपभोक्ताओं को ई-कचरा रीसाइक्लिंग के लाभ और अधिकृत संग्रह चैनलों के उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। अनौपचारिक क्षेत्र को ई-कचरा प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत करने पर जोर दिया गया है। इन सभी उपायों के संयुक्त प्रयास से भारत में एक अधिक मजबूत और प्रभावी ई-कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित की जा सकती है।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**अमन भाटिया**
**लाइफ कोच फाउंडर**

ऋषि सुनक ने दिल्ली ट्रैफिक पर लिया हल्का-फुल्का कटाक्ष

# AI के पास दिल्ली के जाम का हल नहीं

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने संबोधन में दिल्ली के ट्रैफिक पर हल्के अंदाज़ में टिप्पणी की, जिससे कार्यक्रम में मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। उन्होंने मंच से कहा कि देरी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं, लेकिन जैसा कि इस सप्ताह चर्चा में रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कई काम कर सकती है, पर अभी तक वह दिल्ली के यातायात की समस्या का समाधान नहीं कर पाई है।

उन्होंने कहा कि इस सप्ताह जो कुछ देखने को मिला, वह असाधारण है। यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का परिणाम नहीं है, बल्कि इस तकनीक को विकसित करने और उपयोग में लाने के लिए मौजूद लोगों की ऊर्जा भी इसका प्रमाण है, जो दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती। उन्होंने इसे एक विशेष उपलब्धि बताया।

सुनक ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग जारी करने वाली संस्था स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के अनुसार भारत अब विश्व में कृत्रिम बुद्धिमत्ता महाशक्तियों में शीर्ष स्थानों में शामिल हो चुका है। उन्होंने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा कि इस स्थान तक पहुंचने के लिए भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टेस्ट रैंकिंग देखी जाए तो इंग्लैंड अब भी आगे है, जो शायद अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब समिट के दौरान राजधानी के कई इलाकों में भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। रूट डायवर्जन और सुरक्षा व्यवस्था के चलते हजारों यात्रियों को रोजाना आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई प्रमुख मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि वीवीआईपी सुरक्षा प्रबंधों के कारण जाम की समस्या और बढ़ गई।

दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम से पहले ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी, लेकिन इसके बावजूद खासकर मध्य दिल्ली में लंबी वाहन कतारें देखने को मिलीं। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने जाम को लेकर नाराजगी जाहिर की। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को ऐसी अव्यवस्था दिखाना उचित नहीं है। उन्होंने लिखा कि एआई समिट के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बुनियादी जानकारी की जरूरत है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** ग्लूकोमा से जूझ रही डॉक्टर की पहली अनोखी सर्जरी से वापसी

# 10 साल से दृष्टिहीन डॉक्टर की लौटी रोशनी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



मुंबई की 44 वर्षीय एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, जो पिछले दस वर्षों से गंभीर ग्लूकोमा और आंखों की जटिल बीमारियों के कारण पूरी तरह दृष्टिहीन हो चुकी थीं, अब एक बेहद जटिल और अनूठी सर्जरी के जरिए दोबारा देख पाने लगी हैं।

इस सर्जरी ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मरीज लंबे समय से दृष्टि हानि से जूझ रही थीं। उनकी दाहिनी आंख की रोशनी पूरी तरह जा चुकी थी, जबकि बाईं आंख से केवल प्रकाश का आभास हो रहा था। पहले भी कई सर्जरी की जा चुकी थीं, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। डॉक्टरों के अनुसार, बाईं आंख में लगा पुराना कृत्रिम लेंस अपनी जगह से खिसक गया था, जिससे कॉर्निया और आइरिस को गंभीर नुकसान पहुंच रहा था। स्थिति बेहद जटिल हो चुकी थी और मरीज ने लगभग उम्मीद छोड़ दी थी। मुंबई स्थित Dr Agarwals Eye Hospital की सर्जिकल टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया। वरिष्ठ नेत्र सर्जन Dr Susan Jacob के नेतृत्व में डॉक्टरों ने एक साथ कई उन्नत प्रक्रियाओं को अंजाम दिया। गलत स्थिति में लगे लेंस को हटाकर नई तकनीक से नया लेंस प्रत्यारोपित किया गया। यह विश्व का पहला मामला बताया जा रहा है, जिसमें इन सभी अत्याधुनिक तकनीकों का एक साथ उपयोग किया गया। सर्जरी के तुरंत बाद मरीज की बाईं आंख की दृष्टि 6/24 तक लौट आई। यह उनके लिए जीवन बदल देने वाला क्षण था। अब वह अपनी मेडिकल प्रैक्टिस फिर से शुरू कर चुकी हैं और मरीजों की सेवा में लौट आई हैं। डॉक्टरों को उम्मीद है कि पूरी तरह स्वस्थ होने के साथ उनकी दृष्टि में और सुधार होगा। यह सफलता न केवल भारत के लिए गर्व का विषय है, बल्कि ग्लूकोमा और जटिल नेत्र रोगों से जूझ रहे दुनिया भर के मरीजों के लिए नई आशा की किरण भी है।

# सुप्रीम कोर्ट 5 मई से सीएए पर शुरू करेगा अंतिम सुनवाई

## असम-त्रिपुरा और शेष देश की याचिकाएं अलग-अलग श्रेणियों में सूचीबद्ध होंगी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह इस वर्ष 5 मई से नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 और उससे जुड़े नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने वकीलों से पूछा कि उन्हें अपनी दलीलें रखने में कितना समय लगेगा। पीठ ने आदेश दिया कि सीएए 2019 को चुनौती देने वाले मामलों को दो समूहों में बांटा गया है। एक असम और त्रिपुरा से संबंधित तथा दूसरा शेष देश से संबंधित। नियुक्त नोडल वकील दोनों समूहों के मामलों की पहचान कर दो सप्ताह के भीतर रजिस्ट्री को सूची सौंपेंगे। इसके बाद रजिस्ट्री उन्हें दो श्रेणियों में विभाजित कर 5 मई 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को पहले आधे दिन याचिकाकर्ताओं की सुनवाई होगी। 6 मई को याचिकाकर्ताओं को शेष समय दिया जाएगा। 7 मई को आधे दिन प्रतिवादियों की सुनवाई होगी और 12 मई को जवाबी दलीलें सुनी जाएंगी। नागरिकता संशोधन अधिनियम को चुनौती देते हुए अब तक 243 याचिकाएं दायर की गई हैं। यह कानून 11 दिसंबर 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और उसी दिन राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिली थी। उसी दिन इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में अन्य याचिकाएं भी दायर हुईं।

इस अधिनियम और इसके नियमों का उद्देश्य उन हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है, जो 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए थे। यह कानून नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 2 में संशोधन करता है, जो अवैध प्रवासियों की परिभाषा से संबंधित है।

# पानीपत में दो किन्नरों ने पुलिस कर्मी से की मारपीट, वर्दी के स्टार उखाड़े

## लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस से थाने में हंगामा, शराब के नशे की पुष्टि के बाद दोनों न्यायिक हिरासत में भेजे गए

समर न्यूज़ | पानीपत

दो किन्नरों द्वारा एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट और थाने में हंगामा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दोनों ने एक पुलिसकर्मी को टेबल पर गिराकर उसकी वर्दी के स्टार उखाड़ लिए और वर्दी भी फाड़ दी। जब अन्य पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का मुक्की की गई।



इसी थाने में हुआ था हंगामा। - समर न्यूज़

घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना सेक्टर-29 पुलिस को 19 फरवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे लूट की सूचना मिली थी। ईआरवी इंचार्ज ईएचसी विजय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां किन्नर आशु निवासी सेंधापुर और दीपा निवासी भैंसवाल चौक एक युवक रवि से पैसे छीन रहे थे। पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों को हिरासत में लिया और थाने ले आई।

ईएचसी विजय के अनुसार, थाने पहुंचते ही दोनों आरोपियों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों द्वारा समझाने की कोशिश करने पर उन्होंने थाने में रखे गमले और प्लास्टिक की कुर्सियां उठाकर जमीन पर पटक दीं। माहौल को शांत करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने उग्र व्यवहार जारी रखा। आरोप है कि इसके बाद दोनों टेबल पर चढ़ गए और कपड़े उतारकर अश्लील प्रदर्शन करने लगे। जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वे मारपीट पर उतर आए। इस दौरान ईएचसी विजय की वर्दी फाड़ दी गई और कंधे पर लगे स्टार उखाड़ लिए गए। अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई।

मामले में एक अन्य पुलिसकर्मी ने बताया कि दोनों आरोपियों के मुंह से शराब की तेज बदबू आ रही थी। इसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें शराब के सेवन की पुष्टि हुई।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ सरकारी कर्मचारी पर हमला करने, ड्यूटी में बाधा डालने और सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## CM सैनी 2 मार्च को पेश करेंगे सवा लाख करोड़ का बजट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र का पूरा कार्यक्रम अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी 2 मार्च को वर्ष 2026-27 के लिए लगभग सवा लाख करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश करेंगे। यह बजट पिछले वर्षों के मुकाबले काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें राज्य के विकास और विभिन्न विभागों के लिए महत्वपूर्ण आवंटन शामिल हैं। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कार्य सलाहकार समिति की पहली रिपोर्ट सदन में पेश कर संभावित कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। सलाहकार समिति की सिफारिश के अनुसार, बजट प्रस्तुतिकरण सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसके बाद वित्त मंत्री सदन में बजट पर विस्तृत जानकारी देंगे। बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा 5 मार्च से शुरू होगी।

## रिटायर्ड कर्मी से 13 लाख की ठगी, फेसबुक से बनाया शिकार

समर न्यूज़ | पंचकूला

केंद्रीय सरकार के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को साइबर ठगों ने ऑनलाइन निवेश के झांसे में लेकर 13.10 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-20 निवासी श्याम लाल मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2025 में उनकी फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति से जान-पहचान हुई। आरोपी ने स्वयं को यूके का नागरिक बताया और बाद में व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी।

आरोपी ने अपनी कजिन सिस्टर चार्ल्स एलिजाबेथ से संपर्क करवाया, जिसने एक बिजनेस मॉडल समझाया। उसने दावा किया कि एक हजार अमेरिकी डॉलर में उत्पाद उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे बाद में तीन हजार अमेरिकी डॉलर में बेचा जा सकता है। कंपनी के प्रतिनिधि ही उत्पाद को खरीद लेंगे, जिससे निवेशक को भारी मुनाफा होगा। लाभ के लालच में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किश्तों में पांच बार कुल 13.10 लाख रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब उन्होंने उत्पाद भेजने या मुनाफा देने की बात की तो आरोपी टालमटोल करने लगे। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर जसमीत ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जिन बैंक खातों में रकम भेजी गई है, उनकी डिटेल खंगाली जा रही है। खातों के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में आकर किसी भी प्रकार का निवेश न करें और संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करें।

## महिला की हत्या, पति पर मर्डर का आरोप


मौके पर जांच करती पुलिस टीम। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | फरीदाबाद

पल्ला थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय संगीता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जांच में हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। संगीता का तलाक का मामला पहले से ही कोर्ट में विचाराधीन था और परिवार में चल रहे विवाद को इस घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि संगीता किसी काम से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसका पति और ससुराल पक्ष के कुछ लोग उसके घर पहुंचे, लेकिन महिला घर पर न मिलने के कारण वापस लौट रहे थे। तभी संगीता को गली में आते देख उन्होंने उसे रोक लिया।

दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, और आरोप है कि पति के हाथ में हथियार था। विवाद बढ़ने पर संगीता पीछे हटने लगी और उसी समय उसके पति ने उस पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। दो गोलियां सीधे उसे लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गली में गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से दो खाली खोखे बरामद किए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घायल संगीता को सेक्टर-31 स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि संगीता लंबे समय से अपने दो बच्चों के साथ पति और ससुराल पक्ष से अलग रह रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पल्ला थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि मामले में तलाक विवाद और पारिवारिक मतभेद सामने आए हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं। क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीम जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर हर एंगल से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मोबाइल चोरी के शक में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | हिसार

हिसार जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोरी के संदेह में युवक की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला करीब सात माह पुराना है, जिसे अब ट्रेस आउट किया गया है। जीआरपी थाना प्रभारी श्याम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने उत्तर प्रदेश निवासी एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे का आदी है और घटना के समय अपने एक साथी के साथ पंजाब से हिसार आया था। रात के समय ट्रेन यात्रा के दौरान उसके साथी का मोबाइल फोन चोरी हो गया। ट्रेन में पास की सीट पर सो रहे एक युवक पर शक होने पर दोनों ने उसे पकड़ लिया और बेरहमी से मारपीट की।

## कपड़ा मार्केट में होलसेल स्टोर में लगी आग

समर न्यूज़ | अंबाला

शहर के भीड़भाड़ वाले कपड़ा मार्केट में अचानक आग लग गई। घटना श्री चिंता हरण महादेव मंदिर के पास स्थित रेमंड्स ब्रांड की होलसेल विकास एजेंसी के दूसरे तल पर हुई। उस समय प्रथम तल की दुकान में कर्मी ग्राहकों को अटेंड कर रहे थे। कर्मियों ने अचानक धुआं देखा, जो ऊपर के तले रखे भारी स्टॉक से निकल रहा था। जब उन्होंने ऊपर जाकर देखा तो स्टॉक धू-धूकर जल रहा था, जिससे मार्केट में हड़कंप और अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि द्वितीय तल के दरवाजे खोलना भी मुश्किल हो गया।

दमकल विभाग को सूचना दी गई। लगभग 10 मिनट में चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और पांचवीं गाड़ी कैंट से मंगाई गई। करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान के मालिक


स्टोर में आग की लपटें उठती हुई। - समर न्यूज़

विशाल जैन लंबे समय से रेमंड्स ब्रांड के कपड़ों के डीलर और होलसेल विक्रेता हैं। भारी स्टॉक होने के कारण आग बुझाने में दमकल टीम को कठिनाई हुई। शुरुआती जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट माना जा रहा है। आग लगने के बाद आसपास के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं और बाजार खाली हो गया। घटनास्थल के पास मोबाइल टावर भी था, जिसकी लाइटें बंद हो गईं। आग नियंत्रण में आ गई थी, लेकिन कपड़े बार-बार भभक रहे थे, जिससे अंतिम काबू पाने में टीम को करीब 30 मिनट और लगे। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पहली मंजिल और आसपास की दुकानों तक नहीं फैली। कपड़ा मार्केट में बिजली लगभग दो घंटे बाधित रही। बताया जा रहा है कि स्टॉक का बीमा एसबीआई से करवाया गया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई।

## स्टेशन के बुकिंग हॉल में मिला शव

समर न्यूज़ | सोनीपत

शहर के रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बुकिंग हाल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जा रही है। शुरुआती जांच में मामला प्राकृतिक मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह जब यात्री टिकट लेने के लिए बुकिंग हाल में पहुंचे तो एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। काफी देर तक कोई हरकत न होने पर लोगों को संदेह हुआ और तुरंत इसकी सूचना जीआरपी को दी गई। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने वहां मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से पूछताछ कर मृतक की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी।

## सोनीपत के राई में NH-44 पर भीषण हादसा, बस परिचालक की मौत

समर न्यूज़ | सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत जिले के राई क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अमृतसर से दिल्ली आ रही वोल्वो बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे बस परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसे की सूचना सुबह करीब छह बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास फ्लाईओवर के निकट मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में बस परिचालक अमन की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंभीर रूप से घायल बस चालक



निकेश को बेहतर उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है। चालक और परिचालक दोनों अमृतसर के निवासी बताए गए हैं। घायलों में दिल्ली के एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं, जो अमृतसर में एक विवाह समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस देर रात अमृतसर से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। राई क्षेत्र में फ्लाईओवर के पास पहुंचते ही बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## फायरिंग केस सुलझाया, 2 आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | कैथल

जाखोली अड्डा इलाके में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को कैथल पुलिस ने सफलता से सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में 1 नाबालिग सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, जाखोली अड्डा स्थित ठेके पर रिकवरी लेने आए कुछ युवकों पर अचानक बंदूक से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं, जिसमें एक युवक को हाथ में गोली लगी थी। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिससे संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिली।

कैथल एसपी उपासना ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस घटना को बदला लेने के मकसद से अंजाम दिया गया था। घायल युवक ने अपने बयान में बताया था कि 2014 में नाबालिग आरोपी के साथ मिलकर


पुलिस पूछताछ करती हुई। - समर न्यूज़

उसके दोस्तों ने संदीप मटौर के भाई मनदीप की हत्या की थी। उस समय नाबालिग होने के कारण उसे बरी कर दिया गया था। एसपी ने बताया कि पुराने विवाद का बदला लेने के लिए संदीप मटौर और उसके साथी घायल अमित उर्फ 'बच्ची' का पीछा कर रहे थे। बीती रात जब अमित अपने दोस्त के साथ ठेके पर आया, तो संदीप और उसके साथियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनमें एक नाबालिग शामिल है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ जारी है और अन्य संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। एसपी उपासना ने कहा कि हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और सभी आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और बाकी साक्ष्यों के माध्यम से आरोपी जल्द ही कोर्ट में पेश किए जाएंगे और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गांव का पंच चुनाव जीतकर दिखाए मासूम

समर न्यूज़ | सफीदों

गांव मुआना के गायक मासूम शर्मा और पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा के बीच विवाद गहराया। यह घटना मासूम शर्मा के जीजा धर्मबीर की जींद में शादी की 25वीं सालगिरह पर सफीदों रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई। कार्यक्रम के दौरान मासूम शर्मा मंच पर प्रस्तुति देने पहुंचे। इस बीच उन्होंने मंच पर पहले से बैठे पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा और कुछ युवाओं को हटाने के लिए कहा। इस पर हंगामा और धक्का-मुक्की हुई। विवाद को शांत करने के लिए मासूम के भाई विकास और धर्मबीर ने हस्तक्षेप किया।

मासूम शर्मा ने मंच से कहा, मेरे गाने के प्रोग्राम के बीच में कोई सरपंच, विधायक या मंत्री हो, मैं किसी को कुछ नहीं मानता। उनके इस बयान से पूर्व सरपंच और उपस्थित पंच नाराज हो गए।

## कैमरी गांव में 21 साल के युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

समर न्यूज़ | हिसार

जिले के कैमरी गांव में 21 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान हरिओम के रूप में हुई है, जो घटना के समय घर पर अकेला था।

जानकारी के अनुसार हरिओम के पिता जगदीश जब काम से वापस लौटे तो उन्होंने अपने बेटे को कमरे में पंखे से लटका पाया। यह दृश्य देखकर उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचित किया। मामले की सूचना मिलते ही मंगाली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया।

पुलिस ने पिता के बयान के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरिओम मूल रूप से बुड़ा खेड़ा गांव का रहने वाला था और 12वीं कक्षा का छात्र था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था, जबकि उसकी दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है।

पिता जगदीश ने बताया कि उनकी पत्नी का करीब तीन वर्ष पहले बीमारी के कारण निधन हो गया था। इसके बाद घर में वह और उनका बेटा ही साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि हरिओम हंसमुख स्वभाव का था और सभी के साथ अच्छा व्यवहार रखता था।

वह पिछले 10-12 दिनों से आदमपुर में अपनी मौसी के घर गया हुआ था और शाम को ही वापस लौटा था। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच में जुटी है।

परियोजना | केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह रहेंगे मुख्य अतिथि, 6 अंतरराष्ट्रीय एमओयू होंगे हस्ताक्षरित

## एडवांस्ड टेक्सटाइल्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 28 से

समर न्यूज़ | भिवानी

भिवानी स्थित टीआईटी द्वारा 28 फरवरी एवं 1 मार्च को "एडवांस्ड टेक्सटाइल स्ट्रक्चरल कॉम्पोजिट्स एंड जियोसिंथेटिक्स" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन तकनीकी वस्त्र, संरचनात्मक कॉम्पोजिट्स और जियोसिंथेटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक शोध, नवाचार तथा उद्योग–शिक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का प्रायोजन राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन द्वारा किया जा रहा है तथा आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से संपन्न होगा।




**▪ छह महत्वपूर्ण एमओयू पर होंगे हस्ताक्षर** – सम्मेलन के दौरान संस्थान अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए छह महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेगा। ये समझौते टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ लिबेरेक, शिंशु यूनिवर्सिटी, चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग (फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग), खमेल्नित्स्की राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, ज़िलिना विश्वविद्यालय तथा कलरेंट लिमिटेड के साथ होंगे।

इन समझौतों के तहत संयुक्त शोध, फैकल्टी एवं छात्र विनिमय, तकनीकी प्रशिक्षण और उद्योग–शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा दिया जाएगा।

**▪ 100 शोध-पत्र होंगे प्रस्तुत**

सम्मेलन में विश्वभर से लगभग 100 शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। भारत से आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी रोपड़, डॉ बी आर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर, सीएसआईआर तथा ओडिशा प्रौद्योगिकी और अनुसंधान विश्वविद्यालय सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्वान भाग लेंगे। विदेशों से जर्मनी, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, यूक्रेन, जापान और ग्रीस के शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता भी अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में जर्मनी के प्रो. रॉबर्ट बूम, रोल्फ माथियास, लिबेरेक से डॉ. माइकल पेत्रु, ग्रीस के प्रो. सवास वासिलियाडीस तथा जापान के यसुहीतो मुकाई शामिल हैं।

**▪ स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी भी आकर्षण** – सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन द्वारा समर्थित स्टार्टअप्स, बीएमडी प्राइवेट लिमिटेड और धर्मेश टेक्सटाइल्स सहित विभिन्न कंपनियों द्वारा कॉम्पोजिट एवं तकनीकी वस्त्रों की प्रदर्शनी होगी।

संस्थान के निदेशक प्रो. बी.के. बेहरा ने कहा कि ये समझौते शोध और फैकल्टी विनिमय को नई दिशा देंगे तथा टीआईटी भिवानी को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त अकादमिक मंच प्रदान करेंगे।

## सरसंघचालक मोहन भागवत 27 को कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत 27 फरवरी को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह 28 फरवरी को आयोजित प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर शहर में कई दिनों से तैयारियां जोरों पर हैं और स्वयंसेवकों की गतिविधियां तेज हो गई हैं।

गोष्ठी में लगभग 450 प्रबुद्धजन भाग लेंगे, जिनमें कुलपति, पूर्व कुलपति, शिक्षाविद, सेवानिवृत्त आईएएस व एचसीएस अधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर संघ की ओर से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।


मोहन भागवत - समर न्यूज़

मोहन भागवत संघ के चौथे सरसंघचालक हैं, जो गीता की पावन धरा कुरुक्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इससे पूर्व द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी), रज्जू भैया और के.एस. सुदर्शन भी अलग-अलग अवसरों पर यहां आ चुके हैं। गोलवलकर ने ही कुरुक्षेत्र में श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नींव रखी थी, जिसके बाद से सरसंघचालकों का यहां आगमन होता रहा है। बताया जा रहा है कि मोहन भागवत इससे पहले भी तीन बार कुरुक्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। इस बार के कार्यक्रम को लेकर संघ कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# मंडी में अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में सजी सांस्कृतिक एकता की अनोखी तस्वीर, 11 देशों के कलाकारों ने बांधा समां

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज

देवभूमि हिमाचल के ऐतिहासिक शहर मंडी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान एक बार फिर सांस्कृतिक विविधता की अद्भुत छटा देखने को मिली। छोटी काशी के नाम से विख्यात इस शहर में भव्य अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड ने देश-विदेश की लोक परंपराओं को एक मंच पर लाकर अनूठा संगम प्रस्तुत किया। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम ने महोत्सव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। पेश है विस्तृत रिपोर्ट।



लोक परंपरा की परेड निकलती हुई।


विदेशी महिलाएं नृत्य करती हुई।


दीप जलाकर प्रस्तुति देते कलाकार। - समर न्यूज़

सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के पांचवें दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या खास आकर्षण का केंद्र रही। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कल्चरल परेड में इस बार 11 देशों सहित कुल 35 सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विदेशी दलों में अर्जेंटीना, फ्रांस, अमेरिका, श्रीलंका, रूस, वेनेजुएला, नेपाल, कजाकिस्तान और कंबोडिया के कलाकार शामिल रहे। वहीं अफ्रीकी महाद्वीप से तंजानिया, नाइजीरिया, घाना, जिम्बाब्वे, लाइबेरिया, इस्वातिनी (स्वाजीलैंड), लेसोथो, कैमरून और दक्षिण अफ्रीका से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से उत्सव में अंतरराष्ट्रीय रंग घोले। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों की गूंज के बीच पूरी परेड मार्ग पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं और प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त माध्यम बताया।मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी से ही शिवरात्रि महोत्सव का स्वरूप पूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष शुरू की गई इस पहल को इस बार और व्यापक रूप दिया गया है। आयोजन की सफलता के पीछे प्रशासनिक टीम की महीनों की तैयारी और समर्पित प्रयास शामिल हैं। देश के विभिन्न राज्यों से भी कलाकारों ने अपनी लोकसंस्कृति का प्रदर्शन किया। राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, असम और मणिपुर के दलों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के शिमला, हमीरपुर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, चंबा, किन्नौर और सिरमौर जिलों के कलाकारों ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। मंडी जिला के पांच स्थानीय सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को स्थानीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य किया।

## अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में हंगामा



धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज

मंडी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या के दौरान सोमवार रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब पंडाल में डांस कर रहे कुछ युवक आपस में उलझ पड़े। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की है। उस वक्त मंच पर प्रसिद्ध पहाड़ी गायक ईशांत भारद्वाज अपनी प्रस्तुति दे रहे थे और बड़ी संख्या में दर्शक कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक नृत्य करते-करते आपस में बहस करने लगे, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। पंडाल में मौजूद लोगों में इससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए हस्तक्षेप किया। पहले युवकों को शांत कराने और समझाने की कोशिश की गई, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें काबू में किया। क्यूआरटी दल ने सभी संबंधित युवकों को पंडाल से बाहर निकाल दिया, जिसके बाद कार्यक्रम दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो सका।

# देहरा पुलिस ने अंतर्राज्यीय नवजात शिशु तस्करी गिरोह पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### एक मासूम का सुरक्षित रेस्क्यू; नेटवर्क के कई राज्यों तक फैले होने की आशंका

समर न्यूज़ | कांगड़ा

पुलिस जिला देहरा ने एक संगठित अंतर्राज्यीय नवजात शिशु तस्करी और धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग बच्चे को सकुशल रेस्क्यू किया है। गिरोह के नेटवर्क को खंगालने के लिए जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह गिरोह कई जिलों में सक्रिय था और निसंतान दंपतियों को बच्चा दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाता था। यह कार्रवाई संसारपुर टैरेस निवासी रोहित राणा की शिकायत पर शुरू हुई, जिनसे 23,500 रुपये की ठगी की गई थी।

आरोपी दीपक आनंद ने शिकायतकर्ता से बच्चा गोद दिलाने का झांसा देकर यह रकम वसूली थी। मामले की जांच के दौरान साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपी को जालंधर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह पंजाब के एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा था, जो अवैध तरीके से नवजात शिशुओं की उपलब्धता कराता था। जांच में सामने आया कि इस गिरोह में बटाला और गुरदासपुर क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल थीं, जो बच्चों की खरीद-फरोख्त और उनके स्थानांतरण में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। पुलिस ने बटाला से एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि गुरदासपुर और जालंधर से अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।इस सफल अभियान के दौरान एक नाबालिग बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के आदेशानुसार संरक्षण में सौंप दिया गया है। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक गिरोह ने कितने बच्चों का सौदा किया है और इसके तार किन-किन राज्यों तक जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि भारत में बच्चा गोद लेने की वैध प्रक्रिया केवल केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के माध्यम से संचालित होती है। इसके अलावा किसी भी दलाल या अनाधिकृत व्यक्ति के जरिए बच्चा लेना कानूनन अपराध है। उन्होंने लोगों से केवल निर्धारित सरकारी प्रक्रिया का पालन करने का आग्रह किया।



पुलिस अधिकारी जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

## केंद्र ने प्रदेश को 286 करोड़ की वित्तीय सहायता दी: हर्ष

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़



हमी भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को लगभग 286 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी की है, जिसमें 27.23 करोड़ कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना की दूसरी किस्त तथा 259 करोड़ आपदा पुनर्निर्माण और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। यह राशि 10 कार्य दिवस के भीतर संबंधित एजेंसियों को हस्तांतरित की जानी है और इसका उपयोग सड़क, पुल, भवन तथा अन्य आधारभूत ढांचे के विकास में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सहायता स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के अंतर्गत दी गई है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं में किसी भी बदलाव हेतु केंद्र की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी। यदि उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर नहीं दिए गए तो अगली किस्त रोकी जा सकती है तथा दोहरी फंडिंग पाए जाने पर भविष्य की केंद्रीय हिस्सेदारी में कटौती संभव है। हर्ष महाजन ने कहा कि आर.डी.जी. राजस्व घाटा अनुदान बंद होने की स्थिति में राज्य पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है, जिससे वेतन-पेंशन और कल्याणकारी योजनाओं पर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे समय में केंद्र की यह सहायता हिमाचल के लिए राहत लेकर आई है। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मोदी सरकार हमेशा "संकट में सच्चा साथी" साबित हुई है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार एक ओर केंद्र से मदद ले रही है और दूसरी ओर उसी के खिलाफ गलत नैरेटिव गढ़ रही है।

## पठानकोट से चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन करने आया श्रद्धालु लापता

विकास शर्मा | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकने आए एक श्रद्धालु के लापता होने का मामला सामने आया है। चार दिन बीत जाने के बावजूद व्यक्ति का कोई अता-पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पठानकोट निवासी अश्वनी कुमार 17 फरवरी 2026 को अपने परिवार के साथ चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। दर्शन के बाद परिवार वापस लौट रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे वे रास्ते में एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। इसी दौरान अश्वनी कुमार बिना किसी को बताए वहां से कहीं चले गए और फिर वापस नहीं लौटे।

## हिमाचल के हक की आवाज उठाए भाजपा: रोहित ठाकुर

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा एंट्री टैक्स बढ़ाए जाने के निर्णय लेने के बाद सूबे में फिर से सियासी पारा बढ़ गया है। एंट्री टैक्स बढ़ाने जाने के बाद जहां ऊना में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार घेरने को घेरा, वहीं कैबिनेट मंत्री रोहित ठाकुर ने भाजपा के इन बयानों पर पलटवार किया है।

मंडी दौरे पर पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा प्रदेश को मिलने वाली आरडीजी बंद होने के बाद प्रदेश सरकार ने आर्थिक संसाधन जुटाने के लिए विभिन्न टैक्सों में बढ़ोतरी की है, जिसमें एंट्री टैक्स भी शामिल है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहाड़ी प्रदेश हिमाचल को वर्ष 1950 यह ग्रांट बंद मिल रही थी, ऐसे में आज हिमाचल भाजपा



नेताओं को पार्टीबाजी छोड़ हिमाचल के हक्क की आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश की कमजोर आर्थिक स्थिती का हलावा देते हुए भाजपा सांसदों से हिमाचल प्रदेश की मदद करने की गुहार भी लगाई। वहीं प्रदेश में शून्य दाखिले व कम संख्या वाले शिक्षण संस्थानों को बंद और मर्ज को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि शून्य दाखिले वाले स्कूल हिमाचल प्रदेश में ही नहीं, अपितु भारत के अन्य राज्यों में भी बंद हुए हैं। केंद्र की एनडीए सरकार ने स्वयं अपने कार्यकाल में अब तक 90 हजार स्कूलों को बंद और मर्ज किया हैं। उनकी सरकार ने प्रदेश में अब तक 1300 स्कूलों को बंद किया है, जिसमें शून्य दाखिले हुए थे।

## जेपी नड्डा ने कसौली में टीडी वैक्सीन की नई खेप को दी मंजूरी

समर न्यूज़ | सोलन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को सेंट्रल रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीआरआई), कसौली में टेटनस व डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन की नई खेप को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई। उन्होंने 15 लाख डोज को बाजार में जारी करने की स्वीकृति दी, जिसके साथ ही देशभर में इसकी आपूर्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान सीआरआई कसौली कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी अपनी विभिन्न मांगें स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखीं। इस अवसर पर सुरेश कश्यप और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कसौली पहुंचने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का सीआरआई कर्मचारी संघ के सदस्यों और संस्थान के प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



# लोक निर्माण मंत्री ने शिवराज सिंह चौहान से की भेंट

### पीएमजीएसवाई- के अगले चरण में 1200 कि.मी नई सड़कों का प्रस्ताव

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने बैठक में विशेष रूप से शिमला जिले के अत्यंत दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्र डोडरा क्वार की सड़क परियोजनाओं का विषय प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अवगत कराया कि पीएमजीएसवाई चरण- के अंतर्गत स्वीकृत डोडरा क्वार क्षेत्र की सड़क का कुछ भाग कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम भू-सतह, अत्यंत प्रतिकूल मौसम तथा सीमित कार्य अवधि के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। यह मार्ग स्थानीय ग्रामीणों, सीमावर्ती क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य आपातकालीन सेवाओं तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। लोक निमार्ण मंत्री ने डोडरा क्वार क्षेत्र के लंबित सड़क पैकेजों एवं चरण के शेष कार्यों के लिए विशेष छूट, अतिरिक्त वित्तीय सहयोग तथा तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए आग्रह किया, ताकि इस भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र को शीघ्र सर्व-मौसम सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश को पीएमजीएसवाई- के तहत लगभग 1,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 2,300 करोड़ रुपये है।

इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई- के चरण में लगभग 1,200 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित किया गया है। इन परियोजनाओं के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किए जा रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री ने समस्त जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं भूमि-स्वामियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में गिफ्ट डीड उपलब्ध करवाकर विभाग का सहयोग करें, ताकि सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि समय पर उपलब्ध हो सके और अधिकतम दुर्गम क्षेत्रों को सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि जनसहभागिता ही दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

लोक निमार्ण मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य के समन्वित प्रयासों से हिमाचल में मजबूत, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यह पहल केवल सड़क निर्माण तक ही सीमित नहीं, बल्कि समान अवसरों, ग्रामीण समृद्धि और आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रतिबद्धता है।


विक्रमादित्य सिंह शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करते हुए। - समर न्यूज़

आयोजन | विकास को बढ़ावा देने के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

# भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यशाला हुई शुरू

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

ऊना में भारतीय जनता पार्टी के उद्योग प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी कार्यालय में हुआ, जिसमें प्रदेश भर से उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व उद्योग मंत्री विक्रम ठाकुर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सती ने संयुक्त रूप से किया।

मीडिया से बातचीत में विक्रम ठाकुर ने कहा कि भाजपा में विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, जिनका उद्देश्य संबंधित क्षेत्रों की समस्याओं और संभावनाओं पर केंद्रित चर्चा करना है। उद्योग प्रकोष्ठ की इस बैठक में प्रदेश के उद्योगपतियों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों, निवेश के माहौल और औद्योगिक विकास को गति देने के उपायों पर विस्तृत मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गई थी और केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश को बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं मिलीं।विक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में उद्योगों की स्थिति कमजोर हुई है।

उद्योग संचालकों को विभिन्न प्रशासनिक दिक्कतों और कर संबंधी बोझ का सामना करना पड़ रहा है, जिससे निवेश प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान एक ठोस रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिससे उद्योगों को स्थिरता और विस्तार के अवसर मिल सकें। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव साझा किए और प्रदेश में अनुकूल औद्योगिक वातावरण बनाए जाने पर जोर दिया।


जानकारी देते हुए भाजपा नेता। - समर न्यूज़

## ऐतिहासिक आइस-स्केटिंग रिंक का किया जाएगा कायाकल्प

समर न्यूज़ | शिमला

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 'पहाड़ों की रानी' शिमला में बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक भ्रमण के लिए आते है। इसके महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने लक्कड़ बाजार स्थित ऐतिहासिक आइस-स्केटिंग रिंक के कायाकल्प का निर्णय लिया है। वर्ष 1920 में ब्रिटिश काल के दौरान स्थापित इस रिंक ने हज़ारों उभरते हुए आइस स्केटर्स के हुनर को निखारा है। अब इसे लगभग 20.22 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि इस पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य शिमला आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। इससे क्षेत्र में शीतकालीन खेलों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सर्किट हाउस में जयराम ठाकुर ने राज्यपाल की अगवानी कर किया औपचारिक अभिनंदन

राहुल चावला | धर्मशाला
समर न्यूज़

मंडी में अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का आगमन हुआ। जनपद की पावन नगरी में पधारने पर समस्त क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल के मंडी सर्किट हाउस पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनकी अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर देवभूमि में उनका औपचारिक स्वागत किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और रेडक्रॉस सोसायटी की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी की सदस्य उनकी पत्नी डॉ साधना ठाकुर भी मौजूद रही।

यह क्षण प्रदेश की परंपरा और आतिथ्य सत्कार का एक अनुपम उदाहरण रहा। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक महोत्सव की शोभा में चार चांद लगा दिए हैं। सदियों पुराने इस सांस्कृतिक समागम में उनके सम्मिलित होने से उत्सव की सार्थकता और अधिक बढ़ गई है। अति विशिष्ट अतिथियों का आगमन न केवल महोत्सव को गौरवशाली बनाता है, बल्कि प्रदेश की समृद्ध विरासत और देव संस्कृति के संरक्षण हेतु एक नई प्रेरणा भी प्रदान करता है। हज़ारों देवी-देवताओं के मिलन के इस महाकुंभ में राज्यपाल की उपस्थिति ने भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण को और अधिक ऊर्जावान बना दिया है। उनके साथ भाजपा विधायक अनिल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, विधायक पूर्ण चंद, विधायक दीप राज, मेयर वीरेंद्र भट्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा निहाल चंद शर्मा भी उपस्थित रहे।


राज्यपाल का स्वागत करते हुए जयराम ठाकुर। - समर न्यूज़

# प्रधानमंत्री के विरोध में भाजपा कार्यालय की ओर निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

## पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई धक्का-मुक्की, वाटर कैनन का हुआ इस्तेमाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें भी आईं। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में किया जा रहा था। कांग्रेस कार्यकर्ता सेक्टर-33 स्थित भाजपा कार्यालय की ओर मार्च कर रहे थे। पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इस दौरान सेक्टर-36 थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर जेपी सिंह की पगड़ी भी गिर गई।



वाटर कैनन का इस्तेमाल करती हुई पुलिस। - समर न्यूज़

चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लकी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विदेश में देश के हितों से समझौता कर रहे हैं, जिसके विरोध में वे शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बीच रास्ते में रोककर कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार की और आगे नहीं जाने दिया।

लकी ने यह भी आरोप लगाया कि शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेक्टर-35 स्थित उनके कार्यालय के बाहर पुतला फूंकने पहुंचे थे, तब पुलिस ने उन्हें नहीं रोका। लेकिन जब कांग्रेस शांतिपूर्ण ढंग से मार्च कर रही थी, तो उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने पुलिस और भाजपा पर मिलीभगत का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान कई कार्यकर्ता इधर-उधर भागते नजर आए, जबकि पुलिसकर्मी भी उनके पीछे दौड़ते दिखाई दिए। पुलिस को आशंका थी कि कुछ कार्यकर्ता दूसरी ओर से घूमकर भाजपा कार्यालय तक पहुंच सकते हैं, इसलिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## उपायुक्त की अपील, शिविर में आकर करवाएं समस्याओं का समाधान

समर न्यूज़ | पंचकूला

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में जिला के लोगों की समस्याओं का सभी अधिकारी टीम के रूप में कार्य कर जल्द से जल्द समाधान कर रहे हैं।
उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की।

# लालड़ू पुलिस ने लूट के मामले में तीन आरोपी किए गिरफ्तार

## आरोपियों ने युवक को पेड़ से बांधकर लूटे थे कैश और पैसे

समर न्यूज़ | लालड़ू

लालड़ू पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को दबोच लिया है, जिन्होंने पिछले दिनों एक युवक को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। यह ऑपरेशन एसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ के करीबी सुपरविजन में चलाया गया। थाना लालड़ू के एसएचओ इंस्पेक्टर रणवीर सिंह और नाहर चौकी इंचार्ज एसआई गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर 20 फरवरी को लेहली के पास एक खाली पुरानी बिल्डिंग में छापेमारी की।
पुलिस पार्टी को देखते ही आरोपियों ने वहां से भागने की बेताबी में बिल्डिंग की छत से छलांग लगा दी, जिससे दो आरोपियों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। इंस्पेक्टर रणवीर सिंह की टीम ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों को तुरंत इलाज के



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

लिए अस्पताल पहुंचाया।
पुलिस की कार्रवाई 13 फरवरी को हुई एक वारदात के सिलसिले में की गई है। उस दिन सिरसिनी लिंक रोड पर काली मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति को रोककर रस्सी से पेड़ से बांध दिया था और उसका मोबाइल व कैश लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजीत सिंह, गुरजिंदर सिंह और परविंदर सिंह के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि इन तीनों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रखेगी ताकि इलाके में सुरक्षित माहौल बना रहे।

# मोबाइल स्नैचिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में मोबाइल स्नैचिंग के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहित उर्फ मोरी उम्र 32 निवासी खड़क मंगोली को गिरफ्तार किया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दीप्ति वधावन निवासी सेक्टर-4 ने शिकायत में बताया था कि 29 जनवरी 2026 को शाम के समय सेक्टर-4 में टहलते हुए उनका आई-फोन अज्ञात व्यक्ति द्वारा छीन लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।
इस अनुसंधान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, तकनीकी व अन्य साक्ष्य जुटाए तथा जांच के दौरान आरोपी मोहित उर्फ मोरी का नाम सामने आया जो पहले से ही अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल अंबाला में बंद था। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ की व आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि स्नैचिंग व चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाई जाएगी।

### साइबर टिपलाइन की सूचना पर कार्रवाई, साइबर सेल ने दबोचा

# नाबालिगों से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करने वाला गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

नाबालिग बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करने का गंभीर मामला सामने आया है। चंडीगढ़ पुलिस ने मनीमाजरा निवासी जोगिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह नाबालिगों से जुड़ी अश्लील फोटो और वीडियो देखता था और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करता था। आरोपी को साइबर सेल की टीम ने पकड़ा।
पुलिस के अनुसार, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक साइबर टिपलाइन रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। रिपोर्ट में एक इंस्टाग्राम अकाउंट से नाबालिग से संबंधित



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

आपत्तिजनक सामग्री अपलोड किए जाने की जानकारी दी गई थी। सूचना के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। आईपी एड्रेस ट्रेस कर संबंधित इंटरनेट सेवा प्रदाता से सब्सक्राइबर का विवरण प्राप्त किया गया। कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद आरोपों की पुष्टि हुई।
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए हैं। इन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि सामग्री किस स्रोत से प्राप्त की गई और किन-किन प्लेटफॉर्म पर साझा की गई।
पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बच्चों से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री को देखना, डाउनलोड करना या साझा करना गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में आगे की जांच जारी है।

# चेक बाउंस मामलों में वांछित अपराधी सेक्टर-26 से गिरफ्तार

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने चेक बाउंस के 4 मामलों में लंबे समय से वांछित चल रही आरोपी पल्लवी स्वराज को सेक्टर-26 पंचकूला क्षेत्र से गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।
आरोपी काफी समय से अदालत से बचती फिर रही थी और कोर्ट को चकमा दे रही थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पहले भी जेल जा चुकी है और जमानत मिलने के बाद बाहर आई हुई थी। इसके बावजूद वह लगातार पेशियों से बचती रही, जिसके चलते उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी।
पीओ स्टाफ टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर वीरेंद्र नैन के नेतृत्व में सिपाही आजाद सिंह ने कई दिनों तक गुप्त रूप से रेकी कर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और सटीक सूचना के आधार पर टीम ने सेक्टर-26 पंचकूला से उसे काबू किया।
गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को माननीय जेएमआईसी मनमीत कौर की अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में पीओ स्टाफ की टीम के एएसआई संजीव, महिला सिपाही पूजा, सिपाही अमित तथा होमगार्ड महेंद्र भी शामिल थे जिनकी सतर्कता और टीमवर्क से यह कार्रवाई संभव हो सकी।

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ट्रैकिंग कैंप में लिया भाग

समर न्यूज़ | पंचकूला

जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के तहत थापली में आयोजित दो दिवसीय नेचर कैंप में भाग ले रहे हैं। पंचकूला से शुरू इस शैक्षिक व साहसिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को इको-टूरिज्म, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि 7 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र शामिल हैं। कैंप में सुरक्षित ट्रैकिंग के निर्देश दिए गए और डिप्टी रेंजर विजय नेहरा ने "वन, वन्यजीव और जलवायु परिवर्तन" पर व्याख्यान दिया। साथ ही 153 किमी का सात दिवसीय ट्रैकिंग अभियान कालका से कलेसर तक जारी है।

# सब्जी मंडियों में पॉलिथीन पर हो सख्ती, लगे रोकः सिहाग



पॉलिथीन खाती हुई भैंस। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

सब्जी मंडियों में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री और प्रयोग पर सख्ती से रोक लगाने की मांग उठी है। जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं नगर निगम में पूर्व कार्यकारी अधिकारी रहे ओपी सिहाग ने कहा कि विभिन्न सेक्टरों में रोज लगने वाली सब्जी मंडियों में बड़ी मात्रा में घटिया और प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले पॉलिथीन का आधे से अधिक हिस्सा सब्जी मंडियों से आता है, जहां रेहड़ी-फड़ी विक्रेता सब्जी और फल इन्हीं थैलों में देते हैं। सिहाग ने नगर निगम आयुक्त से आग्रह किया कि वरिष्ठ अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ कम से कम दो सप्ताह तक सघन अभियान चलाए, अवैध पॉलिथीन जब्त करे और चालान काटे।

# गुरदर्शन सिंह सैनी ने दिया भाईचारे का संदेश

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

डेराबस्सी के खेरी गुजरां गांव में चौधरी यूथ क्लब और धर्म सेवा समिति के मिलकर किए गए प्रयासों से एक बड़ा धर्म सम्मेलन हुआ। इस कार्यक्रम में इलाके की जानी-मानी हस्तियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में खास तौर पर पहुंचे बीजेपी के सीनियर नेता और जाने-माने समाजसेवी गुरदर्शन सिंह सैनी ने शिरकत की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सैनी ने नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर की बेमिसाल शहादत पर अपने विचार शेयर किए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शहादत दुनिया के इतिहास में बेमिसाल है, जिसने इंसानी हक और धर्म की रक्षा के लिए कुर्बानी का रास्ता दिखाया। उन्होंने समाज



कार्यक्रम में मौजूद क्लब के सदस्य। - समर न्यूज़

से भाईचारे का संदेश देकर आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट विशाल गर्ग थे। अपने शानदार भाषण के ज़रिए उन्होंने धर्म को समर्पित जीवन जीने के महत्व के बारे में जानकारी दी। गर्ग ने कहा कि धर्म सिर्फ़ रस्में नहीं, बल्कि सच्चाई और नेकी के रास्ते पर चलना है। उन्होंने युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर हरप्रीत सिंह टिंकू डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ओबीसी, वकील, राजू, पुष्पिंदर मेहता, रिंकू जनेतपुर, दविंदर धनौनी, बब्बू, हैप्पी खेरी गुजरां, जसबीर, पिंदर पंसार, ब्लॉक समिति मेंबर खेरी गुजरां गुरमीत के साथ-साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। आए हुए मेहमानों को भी क्लब के सदस्यों ने खास तौर पर सम्मानित किया। इवेंट के आखिर में ऑर्गेनाइजर ने आए हुए लोगों का धन्यवाद किया।

सम्मेलन

### एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का दिया संदेश

# सेक्टर-25 के हनुमान मंदिर में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

समर न्यूज़ | पंचकूला

हनुमान मंदिर सेक्टर-25 में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना, एकता को मजबूत करना और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। डॉ. अश्वनी आनंद और तमन्ना ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इन मूल्यों को व्यवहार में अपनाने पर बल देते हुए कहा कि सकारात्मक परिवर्तन के लिए सामाजिक सहभागिता आवश्यक है।



सम्मेलन के दौरान महिलाएं। - समर न्यूज़

मुख्य वक्ता डॉ. श्याम भैया ने अपने संबोधन में हिंदुत्व को केवल धार्मिक पहचान न मानते हुए उसे जीवन पद्धति और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने समाज में नैतिकता, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने आरंभ है प्रचंड गीत की ऊर्जावान प्रस्तुति देकर वातावरण में जोश और उत्साह भर दिया। वहीं महिलाओं ने हिंदू नारी वीरव्रता विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति देकर नारी शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया।
कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए। समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही वक्ताओं का भी सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज इन सिद्धांतों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाए, तो एक सशक्त, समरस और संस्कारित समाज की स्थापना संभव है।
कार्यक्रम के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति, स्वयंसेवकों और समाज के विभिन्न वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

www.summerexpress.in
समर एक्सप्रेस
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरुरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# कोबरा केस में यूट्यूबर एल्विश यादव को 'सुप्रीम' फटकार

एजेंसी । नई दिल्ली



यूट्यूबर एल्विश यादव को सांप और जहर केस सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिली है। एल्विश ने कोर्ट में इस केस में दर्ज चार्जशीट और क्रिमिनल कार्रवाई को चुनौती दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने उनकी कड़ी आलोचना की है। कोर्ट का कहना है उनके इस केस ने समाज को गलत मैसेज दिया है।

साथ ही इस मामले की वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत जांच की जाएगी।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर आपके जैसे मशहूर व्यक्ति को ऐसे बेबस, बिना आवाज वाले जानवरों का इस तरह इस्तेमाल करने दिया जाएगा, तो जनता को गलत संदेश जाएगा। हमें वाइल्डलाइफ एक्ट के प्रावधान देखने पड़ेंगे। हम सांपों को मारने या नुकसान नहीं पहुंचा सकते। वे संरक्षित प्रजाति हैं। एल्विश की वकील मुकता गुप्ता ने कहा कि सांप मेरे नहीं थे। मैंने सिर्फ एक म्यूजिक वीडियो में गेस्ट अपीयरेंस किया था। सांपों को कोई और लेकर आया था और उसने ही उन्हें हैंडल किया था। दूसरी FIR अलग केस की है।

इस पर जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि आप ये नहीं कह सकते कि जो मन करे कर दोगे। क्या आपने सांप को हैंडल किया या नहीं? मुकता ने कहा कि वीडियो शूट करने वाले व्यक्ति-प्रोड्यूसर ने जरूरी परमिशन ली थी। वे सांप बिना जहर के थैली और दांतों वाले थे। अदालत ने कहा कि पहले प्रॉसिक्यूशन रिपोर्ट दे कि परमिशन ली गई थी या नहीं। भले ही FIR बंद हो जाए, हम वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत शिकायत से चिंतित हैं। FIR में क्लोजर रिपोर्ट हो तो भी हमें देखना पड़ेगा। वहीं, शिकायतकर्ता ने कहा कि चार्जशीट और सरकार के काउंटर एफिडेविट में एक अधिकारी का बयान है कि एक अजगर की जहर थैली बरकरार थी। अजगर जहरीला था।

जस्टिस सिंह ने कहा कि अजगर कैसे जहरीला हो सकता है? वे शिकार को दबाकर मारते हैं। वहीं, जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि हमें शिकायत की वैधता और उल्लंघन देखना होगा।

# ट्रंप बनाम सुप्रीम कोर्ट: टैरिफ अधिकार पर बड़ा टकराव

## अदालत ने आपातकालीन कानून के तहत लगाए गए टैरिफ को बताया गैरकानूनी

एजेंसी । नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के बीच ठन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए कहा कि उन्हें टैरिफ लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है। लिहाजा ट्रंप का दुनिया के देशों पर लगाया गया टैरिफ गैरकानूनी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के महज 3 घंटे के भीतर ही ट्रंप ने नए टैरिफ का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि सभी देशों पर 10 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। उन्होंने कोर्ट के फैसले को 'शर्मनाक' बताते हुए कहा कि उनके पास इसके लिए 'बैकअप प्लान' मौजूद है। ट्रंप ने कोर्ट के फैसले को अपमानजनक बताया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट से ऐसी उम्मीद नहीं थी। यह निर्णय अमेरिका के हितों के खिलाफ है और विदेशी देशों को हौसला देगा। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि वे इस फैसले के बावजूद अपने व्यापारिक एजेंडे से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी देश बहुत खुश हैं।

लेकिन उनकी खुशी लंबे समय तक नहीं रहेगी। हम अब और मजबूत दिशा में कदम उठाएंगे और व्यापार नीति में कड़ा रुख अपानएंगे। उन्होंने संकेत दिया कि सभी विकल्प उनके दृष्टिगत हैं और टैरिफ लगाने के अन्य मजबूत तरीके पहले से ही विचाराधीन हैं। ट्रंप ने कहा कि कुछ जजों ने विदेशी ताकतों के दबाव में आकर उनके आपातकालीन अधिकारों का इस्तेमाल रोक दिया। मुझे किसी भी देश के साथ सभी व्यापार बंद करने का अधिकार है। मुझे एम्बार्गो लगाने की अनुमति है। मैं जो चाहूं वो कर सकता हूं, लेकिन कोर्ट कह रहा है कि मैं पैसे (टैरिफ) नहीं वसूल सकता।

अब मैं और भी मजबूत दिशा में आगे बढ़ूंगा। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ, जो Section 301 के तहत लागू हैं, अब भी पूरी तरह प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए किसी भी कदम को उठाने में सक्षम हूं। विदेशी देश सोचते हैं कि उन्होंने हमें रोक दिया, लेकिन असल में अमेरिका और मजबूत स्थिति में है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने नेशनल इमरजेंसी के लिए रखे गए कानून का इस्तेमाल करके बड़े टैरिफ लगाकर अपने अधिकार का उल्लंघन किया। अदालत ने कहा कि कानून "प्रेसिडेंट को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता।" चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स के 6-3 के फैसले में कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने बड़े पैमाने पर इंपोर्ट टैक्स लगाने के लिए इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (IEEPA) का इस्तेमाल करके अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया। 1977 में बना यह कानून, प्रेसिडेंट को नेशनल इमरजेंसी के दौरान कॉमर्स को रेगुलेट करने की इजाज़त देता है, लेकिन इसमें टैरिफ का साफ तौर पर ज़िक्र नहीं है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में लिखा कि राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने की अपनी खास ताकत के दावे को सही ठहराने के लिए कांग्रेस से मिली साफ मंजूरी दिखानी होगी। अदालत ने आगे कहा- "वह ऐसा नहीं कर सकते।" सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति ने टैरिफ को सही ठहराने के लिए युद्ध के समय की इमरजेंसी शक्तियों का हवाला दिया। लेकिन अदालत ने कहा कि युद्ध के समय की शक्तियां टैरिफ के लिए IEEPA के इस्तेमाल को सही नहीं ठहरातीं है।

# पाक ने LOC पर चौकियों को निशाना बना की गोलीबारी



एजेंसी । कुपवाड़ा

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (LoC) पर एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में स्थित टीएमजी (टूट मार गली) इलाके में यह घटना हुई। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) की चौकियों से भारतीय सैन्य ठिकानों को छोटे हथियारों से निशाना बनाते हुए फायरिंग की गई। गोलीबारी करीब दोपहर के समय शुरू हुई, जिससे इलाके में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। भारतीय सेना ने भी सतर्कता बरतते हुए स्थिति पर नजर रखी। अधिकारियों ने बताया कि फायरिंग कुछ समय बाद बंद कर दी गई। इस घटना में किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि या चोट की सूचना नहीं है। भारतीय सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

## ग्वाटेमाला की उत्पादन गिरावट से भारतीय इलायची की अंतरराष्ट्रीय मांग में इजाफा

# हमारी इलायची निर्यात में वृद्धि, किसानों-निर्यातकों के लिए मौके

समर न्यूज़ । नई दिल्ली

साल 2026 भारतीय इलायची किसानों और निर्यातकों के लिए राहत और उम्मीद का बनकर आया है। अनुमान है कि, इस साल इलायची का निर्यात करीब 14,000 टन तक पहुंच सकता है, जो आमतौर पर होने वाले औसत निर्यात से लगभग दोगुना है। निर्यात में इस तेज बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह ग्वाटेमाला में इलायची के उत्पादन में आई करीब 50 फीसदी की गिरावट बताई जा रही है। बता दें कि ग्वाटेमाला दुनिया के बड़े इलायची उत्पादक देशों में से एक है।

वहां उत्पादन घटने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में इलायची की भारी कमी हो गई है।इसी कमी की वजह से अब भारतीय इलायची की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अच्छा कारोबार मिलने की उम्मीद है और किसानों को भी बेहतर दाम मिलने की संभावना बन रही है। हाल ही में हुए गल्फूड एक्सपो के बाद भारतीय निर्यातकों को बड़ा फायदा मिला है।

बोडिनायकन्नूर के इलायची निर्यातक एसकेएम धनवनथन ने बताया कि स्पॉट बुकिंग की सफलता के कारण भारत ने अपने कई पुराने बाजार फिर से हासिल कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी नववर्ष नवरोज को लेकर आयात तेजी से बढ़ा है। वहीं, रमजान से पहले पूरे मध्य पूर्व, जैसे सऊदी अरब, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी भारतीय उत्पादों की मांग काफी बढ़ गई है। इससे भारत ने इन देशों में अपनी मजबूत बाजार फिर से बना ली है। उन्होंने यह भी कहा कि लाल सागर में चल रहे व्यापार संकट के बावजूद भारतीय उद्योग पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है।



वजह ये है कि पश्चिम एशिया के व्यापार मार्ग, यूरोप जाने वाले रास्तों की तुलना में कम प्रभावित हुए हैं, इसलिए माल ढुलाई लगभग सामान्य रूप से चल रही है। इसके अलावा, अमेरिका द्वारा भारतीय मसालों पर लगाए गए अतिरिक्त टैक्स हटाने से भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिजनेस करने का एक नया और बेहतर मौका भी मिला है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए आगे और अच्छे अवसर बनने की उम्मीद है।

उन्होंने मौजूदा हालात को अनुकूल और सुनहरा अवसर बताया। उनका मानना है कि भारतीय इलायची की फसल में तेल की मात्रा अच्छी है और दानों का आकार भी बड़ा है, यानी 7-8 मिमी और 8 मिमी के मोटे दाने ज्यादा मिल रहे हैं। इसी वजह से इस सीजन में इलायची के दाम गिरे नहीं हैं, बल्कि लगातार मजबूत बने हुए हैं। आमतौर पर जब बाजार में ज्यादा आवक होती है तो कीमतें गिर जाती हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। KCPMC Limited के महाप्रबंधक पी।सी। पुन्नूसे ने कहा कि ग्वाटेमाला में इलायची की फसल खराब होने से भारतीय इलायची को विदेशी बाजार में बड़ा मौका मिला है। इससे भारतीय इलायची की मांग बढ़ी है और निर्यात के सहारे बाजार मजबूत बना हुआ है।

इडुक्की के इलायची उत्पादक एस।बी। प्रभाकर ने कहा कि निर्यात बाजार में तेजी आने वाले कुछ महीनों तक बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि विदेशी खरीदार अच्छी क्वालिटी वाली, निर्यात योग्य इलायची के लिए आपस में कंपटीशन कर रहे हैं। इसी वजह से इलायची के दाम करीब 2450 रुपये प्रति किलो पर टिके हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब फसल कटाई का मौसम धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और मार्च-अप्रैल तक सिर्फ हल्की कटाई होने की संभावना है।

अच्छे मौसम और किसानों की बेहतर देखभाल की वजह से 2025-26 की फसल करीब 32,000 से 35,000 टन होने का अनुमान है। वहीं, घरेलू बाजार को लेकर उन्होंने कहा कि होली के दौरान मांग बढ़ने से देश के अंदर भी बाजार में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही ला नीना की स्थिति के कारण फरवरी के अंत से मार्च तक बसंत की बारिश होने की संभावना है, जिससे आने वाली फसल को फायदा मिलेगा।

# जिम्बाब्वे की मेहनत पर ICC का प्री-सीडिंग झटका

## ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसी बड़ी टीमों के लिए तैयार शेड्यूल में फंसी 'अंडरडॉग' टीम

एजेंसी | नई दिल्ली



टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने वो कर दिखाया जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। मैदान पर पसीना बहाकर उन्होंने टॉप की कुर्सी हासिल की, लेकिन ICC के किताबी नियमों ने उनके हक पर डाका डाल दिया। पेश है इस नाइंसाफी पर एक तीखी चोट। कहते हैं कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है,

लेकिन ICC ने इसे 'निश्चितताओं' का धंधा बना दिया है। जिम्बाब्वे की टीम ने इस वर्ल्ड कप में जो किया, उसे देखकर बरबस ही फिल्म लगान का वो डायलॉग याद आता है- 'तुम जीते तो दोगुना लगान माफ, और हम जीते तो।।।' लेकिन यहां तो जिम्बाब्वे जीत गया, फिर भी उसे इनाम के बदले 'पुराना हिसाब' थमा दिया गया। जब जिम्बाब्वे ने मैदान पर ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को धूल चटाई और अपने ग्रुप में सीना तानकर टॉप पर रहा, तो दुनिया को लगा कि अब इस 'जायंट किलर' को उसका हक मिलेगा। कायदे से ग्रुप टॉपर को सुपर-8 में कुछ सहूलियत मिलनी चाहिए थी,

लेकिन ICC की 'प्री-सीडिंग' वाली फाइल ने खेल शुरू होने से पहले ही जिम्बाब्वे की किस्मत लिख दी थी। ICC का ये 'प्री-सीडिंग' सिस्टम किसी पुराने ढर्रे की सरकारी फाइल जैसा है। इन्होंने पहले ही तय कर लिया था कि 'X1' इंडिया होगा और 'X2' ऑस्ट्रेलिया। अब चाहे जिम्बाब्वे खून-पसीना एक करके टॉप पर आ जाए, उसे 'X2' की ही जर्सी पहननी पड़ेगी।क्योंकि ब्रॉडकास्टर्स को डर है कि अगर शेड्यूल बदला तो विज्ञापन के रेट गिर जाएंगे। ICC का तर्क साफ रहता है - लॉजिस्टिक्स, ब्रॉडकास्ट कमिटमेंट्स और फैन्स की सुविधा। बड़े टूर्नामेंट महीनों पहले प्लान होते हैं- टिकट, वेन्यू, ट्रैवल, टीवी स्लॉट सब फिक्स रहते हैं।

ऐसे में X1, Y1 जैसे स्लॉट अक्सर टूर्नामेंट से पहले ही तय कर दिए जाते हैं। यह तो वही बात हुई कि क्लास में टॉप कोई और करे, और मेडल उस लड़के को मिले जो पहले से 'फेवरेट' था। जिम्बाब्वे के साथ यह बर्ताव सिर्फ एक टीम के साथ नाइंसाफी नहीं है, बल्कि उस जज्बे का अपमान है जो छोटी टीमें बड़े मंच पर लेकर आती हैं। जिम्बाब्वे का यहां तक पहुंचना कोई तुक्का नहीं है। पिछले कुछ सालों में इस टीम ने वो मंजर देखे हैं जो किसी भी क्रिकेट बोर्ड की कमर तोड़ दें। कभी बोर्ड सस्पेंड हुआ, तो कभी फंड्स की कमी से खिलाड़ियों के पास जूते तक नहीं थे। 2024 के वर्ल्ड कप में तो ये टीम क्वालिफाई तक नहीं कर पाई थी। युगांडा जैसी टीम से हारकर बाहर होना किसी सदमे से कम नहीं था। लेकिन 'मुकद्दर का सिकंदर' रजा और उनकी टोली ने हार नहीं मानी। मुजराबानी की रफ्तार और ब्रायन बेनेट जैसे युवाओं ने दिखा दिया कि जब पेट खाली हो और सीने में आग, तो दुनिया की बड़ी से बड़ी टीम बौनी नजर आती है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को उन्हीं के घर जैसे माहौल में हराना बताता है कि ये टीम अब सिर्फ 'भागीदारी' करने नहीं, बल्कि 'राज' करने आई है।

शायरी की जुबान में कहें तोः मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पर यहां तो मंजिलें पहले से ही किसी और के नाम होती हैं! ICC तर्क देती है कि यह सब लॉजिस्टिक्स और फैन्स की सुविधा के लिए है।

# दिल्ली-मेरठ सफर होगा अब और तेज

## नमो भारत रैपिड रेल ने सफल ट्रायल पूरा किया

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली से मेरठ के बीच सफर अब और तेज होने जा रहा है। 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर पर दौड़ने वाली 'नमो भारत रैपिड रेल' ने सराय काले खां से मेरठ के बेगमपुल स्टेशन तक सफल ट्रायल रन पूरा कर लिया है। करीब 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली यह ट्रेन सराय काले खां से बेगमपुल तक की दूरी महज 55 से 60 मिनट में तय करेगी, जिससे दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

दिल्ली के सराय काले खां तक का हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है और फिलहाल नमो भारत ट्रेन दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ तक संचालित हो रही है। ट्रायल रन के दौरान दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के पत्रकारों को इस हाईस्पीड सफर का अनुभव कराया गया। ट्रेन मेरठ के बेगमपुल स्टेशन तक पहुंची, जहां आधुनिक सुविधाओं से लैस कोच, आरामदायक सीटें, एयर कंडीशनिंग, सीसीटीवी सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 82 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, गाजियाबाद, गुलधर, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ, मेरठ साउथ और बेगमपुल/मोदीपुरम जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।



सड़क मार्ग से जहां दिल्ली से मेरठ की दूरी तय करने में डेढ़ से दो घंटे तक का समय लग जाता है, वहीं अब यह सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा हो सकेगा।

22 फरवरी को प्रधानमंत्री हरी झंडी दिखाकर इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

# भारत का सुपर-8 में पहला मुकाबला अफ्रीका से

## गेंदबाजी कोच ने तैयारियों, खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जताई भरोसा

समर न्यूज़ । नई दिल्ली



आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम को सुपर-8 स्टेज में अपना पहला मुकाबला 22 फरवरी (रविवार) को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस मुकाबले से दो दिन पहले टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। मोर्ने मोर्केल ने इस दौरान अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन और टीम की रणनीति पर खुलकर बात की। उन्होंने साफ किया कि कुछ खिलाड़ियों को लेकर टीम मैनेजमेंट पूरी तरह आश्वस्त है और फील्डिंग में सुधार पर खास ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय टीम के लिए चिंता का सबब सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की फॉर्म है, जो लगातार तीन पारियों में डक पर आउट हुए हैं। अभिषेक का टी20 वर्ल्ड कप में अब तक खाता नहीं खुला है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को लेकर टीम में कोई चर्चा नहीं है। मोर्केल कहते हैं, 'अभिषेक एक वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी हैं। हमारे लिए अलग-अलग खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी उठाई है। मुझे पूरा भरोसा है कि उन्हें बस अच्छी शुरुआत की जरूरत है।'शिवम दुबे ने नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन किया था। शिवम ने 68 रन बनाए थे और दो विकेट भी झटके। शिवम को लेकर मोर्ने मोर्केल ने कहा, 'किसी भी गेंदबाज के लिए आत्मविश्वास बेहद जरूरी होता है। जब आपको कप्तान का समर्थन महसूस होता है तो फर्क पड़ता है। यह सिर्फ समय की बात थी। उन्हें परिस्थितियों की अच्छी समझ है।' फील्डिंग में हुई गलतियों पर मोर्ने मोर्केल ने स्वीकार किया कि इस डिपार्टमेंट में भारतीय टीम को सुधार की जरूरत है। मोर्केल कहते हैं, 'हमें दो रन रोकने होंगे।

## सीमित संसाधनों से संघर्ष करके अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका बाएं हाथ का तेज गेंदबाज

# मुहम्मद जवादुल्लाह ने यूएई के लिए बनाई पहचान

एजेंसी | नई दिल्ली

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। यूएई ने चार में से तीन मुकाबले गंवाए और वो सुपर-8 में जगह नहीं बना सकी। यूएई को इकलौती जीत कनाडा के खिलाफ 5 विकेट से मिली थी।

टी20 वर्ल्ड कप के बीच यूएई के तेज गेंदबाज मुहम्मद जवादुल्लाह की कहानी इन दिनों क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने संघर्ष और मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कनाडा के मुकाबले में जब यूएई ने 5 विकेट से जीत हासिल की, तो उस जीत के सूत्रधार मुहम्मद जवादुल्लाह ही रहे। जवादुल्लाह ने चार ओवरों की गेंदबाजी में सिर्फ 16 रन दिए और उन्होंने एक विकेट हासिल किया। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के



डेहरी झोलाग्राम गांव में पले-बढ़े जवादुल्लाह के पास बचपन में क्रिकेट की कोई विशेष सुविधा नहीं थी। गांव में मैदान का अभाव था। साथ ही कोई अच्छा कोच भी नहीं था जो खिलाड़ियो के टैलेंट को निखार सके। उनके घर में मौजूद एक टेलीविजन ही उनके सपनों की शुरुआत बना। टीवी पर पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ियों को खेलते देख उन्होंने भी क्रिकेटर बनने का सपना संजोया।

मुहम्मद जवादुल्लाह ने शुरुआत टेप बॉल क्रिकेट से की और स्थानीय स्तर पर पहचान बनाई। हालांकि परिवार की प्राथमिकता पढ़ाई थी। जवादुल्लाह के पिता चाहते थे कि उनका बेटा एक स्थिर करियर चुने। जवादुल्लाह ने इलेक्ट्रिकल स्टडीज में डिप्लोमा किया और नौकरी की तलाश शुरू की। बेहतर अवसरों की खोज में वह 2020 में यूएई चले गए, जहां उन्हें इलेक्ट्रीशियन की नौकरी मिली। दिन में नौकरी और रात में क्रिकेट का अभ्यास करते थे। यानी उनकी दिनचर्या बेहद कठिन रही। संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने के बाद उन्होंने क्लब क्रिकेट खेलना शुरू किया। यहीं से उनका करियर नई दिशा में बढ़ा। 2022 में अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ECB) की ओर से आयोजित फास्ट बॉलिंग ट्रायल में उन्होंने हिस्सा लिया और चयनित होकर राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा बने। इसके बाद उन्हें इंटरनेशनल लीग टी20 (ILT20) में शारजाह वॉरियर्स की ओर से खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

फरवरी 2023 में मुहम्मद जवादुल्लाह ने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। जवादुल्लाह ने अब तक 13 ओडीआई और 41 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में यूएई का प्रतिनिधित्व किया है। ओडीआई मैचों में जवादुल्लाह ने 43।00 के एवरेज से 13 विकेट झटके हैं। जबकि टी20 इंटरनेशनल में उनके नाम पर 19।93 की औसत से 60 विकेट दर्ज हैं। टी20 इंटरनेशनल में वो तीन मौकों पर इनिंग्स में चार विकेट ले चुके हैं। टखने और जांघ की चोट के कारण उन्हें साल 2024 में लंबे समय तक मैदान से बाहर रहना पड़ा।

26 साल के मुहम्मद जवादुल्लाह का बॉलिंग एक्शन थोड़ा अलग है, जिससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसके बावजूद उन्होंने खुद को स्थापित किया है। वह पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम और मोहम्मद आमिर को अपना आदर्श मानते हैं, इन दोनों से वो प्रेरणा लेते रहे हैं। अब जवादुल्लाह ने टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर यूएई का प्रतिनिधित्व किया है। पाकिस्तान के उसी घर में जहां कभी टीवी पर मुहम्मद जवादुल्लाह के सपने जन्मे थे, उनके पिता अब अपने बेटे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए देख रहे हैं।

# पीएयू स्टेडियम में समर टी-20 टूर्नामेंट हुआ शुरू, मैच के दौरान दर्शकों ने उठाया लुफ्त




आम आदमी पार्टी क्रिकेट टीम, बीजेपी ब्लास्टर क्रिकेट टीम और समर एक्सप्रेस के ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर, तपिन मल्होत्रा, मनिंदर सिंह लाडी, सुनील मैच से पहले तस्वीर खिचवाते हुए। -समर न्यूज़




लोधी क्लब क्रिकेट टीम, सतलुज क्लब क्रिकेट टीम और समर एक्सप्रेस के ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर, तपिन मल्होत्रा, मनिंदर सिंह लाडी सुनील मैच से पहले तस्वीर खिचवाते हुए। -समर न्यूज़



लोधी क्लब क्रिकेट टीम को जीत के बाद सम्मानित करते हुए समर एक्सप्रेस के ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर और तपिन मल्होत्रा। -समर न्यूज़



रिंकल बेदी, तपिन मल्होत्रा, रितेश महिंद्रा, विपन सूद, काका, अर्शदीप समर अकाली दल जिला प्रधान भूपिंदर सिंह पिंदा, मनिंदर सिंह लाडी, सुनील। -समर न्यूज़



दर्शक मैच का लुफ्त उठाते हुए।



-समर न्यूज़



विधायक मदन लाल बग्गा बातचीत करते हुए।






## समर टी20 कप में पीएयू स्टेडियम में दो मुकाबले, एक में आखिरी ओवर का थ्रिल तो दूसरे में एकतरफा जीत

समर न्यूज़ | लुधियाना

समर टी20 कप 2026 के तहत पीएयू स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। पहले मैच में लोधी क्लब लायन ने सतलुज क्लब स्टैलियंस को 1 विकेट से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में आप एवेंजर्स ने भाजपा ब्लास्टर्स को 9 विकेट से मात दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सतलुज क्लब स्टैलियंस ने 20 ओवर में 169/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। टीम की ओर से अनमोल सूद ने 32 गेंदों पर 70 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। संभव जैन ने 30 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में तरसेम ने 2 ओवर में मात्र 7 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि सनी ने 4 ओवर में 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लोधी क्लब लायन ने 19.3 ओवर में 172/9 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अनुराग बजाज ने 35 गेंदों पर 50 रन की अहम पारी खेली। सतलुज क्लब की ओर से अनुज धांध ने 3 विकेट लिए, जबकि लोधी क्लब के वैभव सहगल और गोपू ने 2-2 विकेट लेकर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। आखिरी ओवर तक चले इस मैच ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। दूसरे मैच में भाजपा ब्लास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 121/7 का स्कोर खड़ा किया। हैप्पी सिंह ने 48 गेंदों पर 49 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए आप एवेंजर्स ने मात्र 10 ओवर में 122/1 रन बनाकर मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। चेतन थप्पर ने 30 गेंदों पर 52 रन बनाए जबकि गैबी गेम स्मैशर्स ने 30 गेंदों पर 48 रन बनाए। मैच के दौरान आम आदमी पार्टी की ओर से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पाराशर और विधायक मदन लाल बग्गा मौजूद रहे।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भी अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान में पहुंचे। लुधियाना के सतलुज क्लब और लोधी क्लब के समर्थकों ने भी टीमों का उत्साह बढ़ाया। इस जीत के साथ आप एवेंजर्स और लोधी क्लब लायन की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।



आम आदमी पार्टी क्रिकेट टीम जीत की खुशी मनाती हुई, टीम के साथ विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू और मदन लाल बग्गा। -समर न्यूज़

## शंकरा आई हॉस्पिटल ने 14वीं सालगिरह मनाई



रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

शंकरा आई फाउंडेशन ने गर्व से लुधियाना के शंकरा आई हॉस्पिटल की 14वीं सालगिरह मनाई, जो क्वालिटी और सस्ते इलाज के लिए जाना जाता है है। यह आंखों की देखभाल देने में सालों की डेडिकेटेड सर्विस को दिखाता है। इस इवेंट में पद्म श्री डॉ. आरवी रमानी भी शामिल हुए। शंकरा आई फाउंडेशन, इंडिया के फाउंडर और मैनेजिंग ट्रस्टी रणजोध सिंह पैट्रन शंकरा आई हॉस्पिटल, लुधियाना, भारत बालासुब्रमण्यम हेड-ऑपरेशंस और कौशिक मुरली हेड-मेडिकल एडमिनिस्ट्रेशन, क्वालिटी और ट्रेनिंग। शंकरा आई हॉस्पिटल, लुधियाना, आंखों की देखभाल करने वाली एक जानी-मानी चैरिटेबल संस्था है जो एक की सेवा करती है। यह आउटरीच प्रोग्राम और कम्युनिटी आई कैंप के जरिए गरीब मरीज़ों को 80% फ्री मोतियाबिंद की आंखों की सर्जरी करता है, जबकि 20% सर्विस पेड कैटेगरी में दी जाती हैं। यह सस्टेनेबल मॉडल समाज के सभी वर्गों के लिए हाई-क्वालिटी इलाज पक्का करता है। सालाना दिन का जश्न ऑर्गनाइज़ेशन के बेहतरीन काम, दया और कम्युनिटी सर्विस के कमिटमेंट को दिखाता है।

### राज्यपाल ने नाव में बैठकर किया निरीक्षण, बोले अब कोई ढील नहीं

## बुड्ढा दरिया में गंदगी फैलाने वालों पर गिरेगी गाज

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को लुधियाना पहुंचकर बुड्ढा दरिया पुनर्जीवन परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि दरिया में गोबर, औद्योगिक कचरा या सीवरेज डालने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। राज्यपाल ने साफ कहा कि अब किसी भी तरह की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्यपाल के साथ राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता, एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ताजपुर रोड स्थित 'संगत घाट' के पास बुड्ढा दरिया का मौके पर निरीक्षण किया और डेयरी कॉम्प्लेक्स में



स्थापित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली भी देखी।

**नाव से किया दरिया का निरीक्षण**

राज्यपाल कटारिया ने सांसद सीचेवाल और अधिकारियों के साथ बुड्ढा दरिया में नाव की सवारी कर जमीनी हालात का जायज़ा लिया। 'संगत घाट' को सांसद सीचेवाल द्वारा चल रही 'कर सेवा' के तहत विकसित किया गया है। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने साफ-सफाई, पानी की स्थिति और किनारों पर हो रहे अतिक्रमण व गंदगी पर गहरी नाराजगी जताई।

**पीएयू में हुई समीक्षा बैठक**

इसके बाद पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में बुड्ढा दरिया पुनर्जीवन परियोजना को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, नगर निगम, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीवरेज बोर्ड और मृदा संरक्षण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि वे खुद नियमित अंतराल पर इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं, ताकि तय योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर दिखें।

**ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का हवाला**

राज्यपाल कटारिया ने कहा कि बुड्ढा दरिया सिर्फ एक जल स्रोत नहीं, बल्कि इसका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी है। ऐसे में इसे प्रदूषित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नैतिक और कानूनी, दोनों रूप से जरूरी है। उन्होंने माना कि पिछले कुछ समय में सुधार दिखा है, लेकिन अभी लक्ष्य से काफी दूर हैं।

राज्यपाल ने शहरवासियों से अपील की कि वे बुड्ढा दरिया को स्वच्छ बनाने के अभियान में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोग आगे आएंगे और प्रदूषण फैलाने वालों की जानकारी देंगे, तभी इस दरिया को दोबारा साफ और जीवंत बनाया जा सकता है।

## एमएलए ग्रेवाल ने वार्ड 26 में पानी पाइपलाइन का किया उद्घाटन



दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना ईस्ट से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने आज वार्ड नंबर 26 स्थित राजीव गांधी कॉलोनी में करीब 9.15 लाख रुपये की लागत से नई पानी सप्लाई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक ग्रेवाल ने कहा कि स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद कॉलोनी के लोगों को स्वच्छ और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि ईस्ट विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को किसी भी हालत में धीमा नहीं होने दिया जाएगा और आने वाले समय में कई नए विकास प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड इंचार्ज इंदरदीप मिंकू, पार्षद अमरजीत सिंह,रमेश वर्मा पिंका, मोहित सूद,पवन कुमार,अभिषेक कुमार, गुरविंदर पाल सिंह, प्रिंस, जतिंदर काका, दीपक ढिल्लों, मूसा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 168